TarunMitra TarunMitra TarunMitra
www.youtube.com/@TarunmitraGroup

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# तरुणमित्र

श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

पटना
वर्ष: 24 अंक 53
मंगलवार 17 जून, 2025

तापमान
अधिकतम 37°C
न्यूनतम 28°C

मूल्य 3 रुपए | पृष्ठ-08 | बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश एवं महाराष्ट्र से प्रकाशित | www.tarunmitra.in

## इजराइल का दावा- ईरानी एयरस्पेस पर हमारा कंट्रोल

- ईरान ने सूरज निकलने से पहले इजराइल पर मिसाइलों की बौछार की
- हाइफा बिजली संयंत्र आग की लपटों में घिरा
- कहा- 30 प्रतिशत मिसाइल लॉन्चर तबाह किए

**तेहरान (ईरान), 16 जून।** प्रतिशोध की आग में जल रहे ईरान ने आज सूरज निकलने से पहले इजराइल पर मिसाइलों की बौछार कर दी। इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड कॉर्प्स की यह बैलिस्टिक मिसाइलें इजरायल के तेल अवीव और हाइफा में लक्ष्यों पर गिरीं। इससे पहले रात को भी ईरान ने मिसाइलों से हमला किया। ईरान 13 जून को हुए इजराइली हवाई हमले में अपने सैन्य अधिकारियों और परमाणु वैज्ञानिकों की मौत से बौखलाया हुआ है। ईरान की न्यूज एजेंसी तस्नीम, सरकारी एजेंसी इरना और तेहरान टाइम्स अखबार की खबरों में ईरान के इजराइल के खिलाफ हवाई हमले की जानकारी दी गई है।

खबरों के अनुसार, ईरान ने ताजा हमले में तेल अवीव, हाइफा, बेन गुरियन हवाई अड्डे और नेवातिम एयरबेस गोलान हाइट्स में लक्ष्यों को निशाना बनाया। ईरान ने पिछले तीन दिनों में कई इजराइली सैन्य इमारतें जमींदोज कर दी हैं। ईरानी सशस्त्र बलों ने सोमवार सुबह फिलिस्तीन के कब्जे वाले इजराइली क्षेत्रों में ड्रोन और मिसाइलों की बौछार की है।

इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर ने घोषणा की कि इस बार दुश्मन की रक्षा प्रणालियों को निशाना बनाया गया। ईरानी मिसाइलों ने हाइफा बिजली संयंत्र को नुकसान पहुंचाया है।

खबरों के अनुसार, इजराइली आर्मी रेडियो ने आधिकारिक तौर पर स्वीकार किया कि इजराइली वायुरक्षा कम से कम 10 ईरानी बैलिस्टिक मिसाइलों को रोकने में असमर्थ रही। ईरानी ड्रोन हमले के बाद कब्जे वाले क्षेत्रों के उत्तर में चेतावनी सायरन बजने शुरू हो गए।

# जनगणना से जुड़ी अधिसूचना हुई जारी

## केंद्र शासित प्रदेशों में जनगणना 1 अक्टूबर, 2026 की मध्यरात्रि से होगी शुरू

**गिनती**

- इस जनगणना में पहली बार जाति गणना भी शामिल होगी
- देश के बाकी हिस्सों में गिनती एक मार्च 2027 की मध्यरात्रि से
- जनगणना कार्य के लिए लगभग 34 लाख कर्मचारी की लगाई जाएगी ड्यूटी

**नई दिल्ली, 16 जून।** केंद्र सरकार ने सोमवार को 2027 में होने वाली 16वीं जनगणना के लिए राजपत्र अधिसूचना जारी कर दी है। इस जनगणना में पहली बार जाति गणना भी शामिल होगी। अधिसूचना के अनुसार लद्दाख और जम्मू-कश्मीर के साथ-साथ हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के केंद्र शासित प्रदेशों में जनगणना 1 अक्टूबर, 2026 की मध्यरात्रि से शुरू होगी, जबकि देश के बाकी हिस्सों में गिनती 1 मार्च, 2027 की मध्यरात्रि से शुरू होगी।

अधिसूचना में कहा गया है, केंद्रीय सरकार, जनगणना अधिनियम, 1948 (1948 का 37) की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग 2, खंड 3, उप-खंड, तारीख 28 मार्च, 2019 में प्रकाशित भारत सरकार के गृह मंत्रालय (भारत के महारजिस्ट्रार का कार्यालय) की अधिसूचना संख्या का.आ. 1455(अ), तारीख 26 मार्च, 2019 के अधिक्रमण में उन बातों के सिवाय जिन्हें ऐसे अधिक्रमण से पहले किया गया है या करने का लोप किया गया है. यह घोषणा करती है कि भारत की जनसंख्या की जनगणना वर्ष 2027 के दौरान की जाएगी।

अधिसूचना में कहा गया है, जनगणना के लिए संदर्भ तारीख, संघ राज्य क्षेत्र लद्दाख के और जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के बर्फ से घिरे असमकालिक क्षेत्रों के सिवाय, मार्च, 2027 के पहले दिन के 00:00 बजे होगी। अधिसूचना में कहा



गया है, संघ राज्य क्षेत्र लद्दाख, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड राज्यों के बर्फ से घिरे असमकालिक क्षेत्रों के संबंध में, संदर्भ तिथि 1 अक्टूबर, 2026 को 00:00 बजे होगी। अधिसूचना जारी करने से एक दिन पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, महारजिस्ट्रार और जनगणना आयुक्त और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आगामी जनगणना की तैयारियों की समीक्षा की थी। जनगणना दो चरणों में की जाएगी। पहले चरण यानी हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन (एचएलओ) में प्रत्येक घर की आवासीय स्थिति, संपत्ति और सुविधाओं के बारे में जानकारी एकत्र की जाएगी। इसके बाद दूसरे चरण यानी जनसंख्या गणना (पीई) में प्रत्येक घर के प्रत्येक व्यक्ति की जनसांख्यिकीय, सामाजिक-आर्थिक, सांस्कृतिक और अन्य जानकारी एकत्र की जाएगी।

### कांग्रेस ने जारी की गई अधिसूचना पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने सोमवार को केंद्र सरकार द्वारा 16वीं जनगणना को लेकर जारी की गई अधिसूचना को फीका बताया है। कांग्रेस ने कहा कि इस अधिसूचना में जाति को जनगणना में शामिल करने पर चुप है। कांग्रेस ने सवाल किया कि क्या यह सरकार का एक और यू-टर्न है। विपक्षी पार्टी ने जोर देकर कहा कि केंद्र को न केवल जातिगत गणना बल्कि जातिवार सामाजिक-आर्थिक मानकों पर विस्तृत डेटा लाने के लिए भी तेलंगाना मॉडल अपनाना चाहिए। कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि 2026 के अंत या 2027 की शुरूआत में होने वाली 16वीं जनगणना को लेकर बहुप्रचारित राजपत्र अधिसूचना जारी हुई है, लेकिन यह एक दम तोड़ती घोषणा है। एक्स पर जयराम रमेश ने लिखा कि लंबे इंतजार के बाद बहुप्रचारित 16वीं जनगणना की अधिसूचना आखिरकार जारी हो गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### मणिपुर में तीन उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल, 16 जून।** मणिपुर में सुरक्षा बलों को दो अलग-अलग अभियानों में केसीपी के तीन सक्रिय उग्रवादियों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। पुलिस प्रवक्ता ने सोमवार को बताया कि पहली कार्रवाई इंफाल ईस्ट जिले के लामलै थाना क्षेत्र के सावोम्बुंग पुल के पूर्वी छोर पर की गई, जहां से केसीपी (एमसी प्रोग्रेसिव) के सक्रिय सदस्य ताखेल्लम्बम गांधी सिंह उर्फ थोउबा (25) को पकड़ा गया। वह थौबल जिले के थौबल एमआई रोड, नोंगांगखोंग लाई लेइराक का निवासी है तथा वर्तमान में पुंगडोंगबम अवांग लेइराक, इंफाल ईस्ट में रह रहा था।

### श्रीहरिकोटा में इसरो के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र को बम से उड़ाने की धमकी

**श्रीहरिकोटा, 16 जून।** आंध्र प्रदेश के तिरुपति जिले के श्रीहरिकोटा में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। तमिलनाडु कमांड कंट्रोल सेंटर को रविवार आधी रात केंद्र में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में फोन कॉल मिली। इसके बाद श्रीहरिकोटा में सुरक्षाकर्मियों को अलर्ट कर दिया गया है।

### सोनिया गांधी की हालत अस्पताल में स्थिर

**नयी दिल्ली, 16 जून।** कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी अस्पताल में भर्ती हैं और उनकी हालत स्थिर बनी हुई है। सोनिया गांधी को पेट में दर्द की शिकायत के कारण रविवार रात यहां सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल के सूत्रों ने सोमवार को यहां बताया कि 78 वर्षीय सोनिया गांधी की हालत स्थिर बनी हुई है और उन्हें चिकित्सा निगरानी में रखा गया है।

### विमान दुर्घटना में 92 मृतकों के डीएनए सैंपल का हुआ मिलान

**अहमदाबाद, 16 जून।** अहमदाबाद विमान दुर्घटना में अब तक 92 मृतकों के डीएनए सैंपल का मिलान हो चुका है। सोमवार सुबह तक कुल 47 मृतदेह परिजनों को सौंपे जा चुके हैं। इसके अलावा 87 और परिजनों से संपर्क किया गया है। सिविल अस्पताल के सर्जरी विभाग के प्राध्यापक डॉ. रजनीश पटेल ने बताया कि फिलहाल सिविल अस्पताल में 13 परिजन मौजूद हैं, जिन्हें उनके परिजनों के मृत शरीर सम्मानपूर्वक सौंपे जाएंगे। इसके अलावा 87 और परिजनों से संपर्क किया गया है। डॉ. पटेल ने बताया कि 12 ऐसे परिवार हैं, जो अपने अन्य परिजनों के डीएनए मैचिंग के परिणाम की प्रतीक्षा कर रहे हैं, ताकि वे एक साथ सभी मृतकों के शव स्वीकार कर सकें। उन्होंने बताया कि 16 जून की सुबह 9:30 बजे तक कुल 47 मृतदेह सौंपे जा चुके हैं, जिनमें खेड़ा, अहमदाबाद, बोटाद, महेसाणा, भरूच, अरावली, वडोदरा, जूनागढ़, आणंद, महीसागर, गांधीनगर और भावनगर जिलों के निवासी शामिल हैं।

अहमदाबाद में 12 जून को लंदन जा रहा एयर इंडिया का विमान अक171 मेघाणीनगर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इसके बाद राज्य सरकार ने मृतकों की पहचान के डीएनए के जरिये शवों की पहचान प्रक्रिया शुरू की गई है। जिन मृतकों के डीएनए सैंपल मैच हो गए हैं, उनके पार्थिव शरीर परिजनों को सम्मान पूर्वक सौंपे जा रहे हैं।

## सारण में पिकअप पलटी महिला समेत छह की मौत

**पटना, 16 जून।** बिहार में सारण जिले के नयागांव थाना अंतर्गत बाजितपुर गांव के पास सोमवार सुबह पिकअप गाड़ी के पलटने से एक महिला समेत छह लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना में कई लोग घायल हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बताया जा रहा है कि पिकअप में 35 से 40 लोग सवार थे। पुलिस के मुताबिक पिकअप गाड़ी दिघवारा से मक्का लोड करके हाजीपुर की तरफ जा रही थी। इसी दौरान बाजितपुर के निकट पिकअप का एक चक्का ब्लास्ट करने के बाद गाड़ी पलट गई। इसमें छह लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हो गए।

घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को अनुमंडल अस्पताल सोनपुर ओर हाजीपुर सदर अस्पताल भेजा गया। घायलों में कई की हालत गंभीर बनी हुई है। मृतकों की पहचान बादल कुमार उम्र 18 वर्ष पिता सुरेन पासवान, ओहिला देवी पति भगवान मांझी, लक्ष्मी देवी उम्र 55 वर्ष पति योगेन्द्र भगत, गोलू कुमार उम्र 18 वर्ष पिता किशोरी राम, अरविंद कुमार उम्र 16 वर्ष पिता अरुण राम, फूलमती देवी पति चंदेश्वर पासवान के रूप में हुई है।

## बिहार में वज्रपात का कहर, बक्सर समेत कई जिलों में 10 लोगों की मौत, 14 झुलसे

**पटना, 16 जून।** प्रदेश में सोमवार को वर्षा और मेघ गर्जन के दौरान वज्रपात से 10 लोगों की मौत हो गई। जबकि 14 लोग गंभीर रूप से झुलस गए। मृतकों में बक्सर के चार, पश्चिम चंपारण के तीन, कटिहार के दो व लखीसराय के एक शामिल हैं।

बक्सर जिले में चौसा के थाना घाट में भीगने से बचने को पेड़ के नीचे छिपे दो लोगों की मौत हो गई, वहीं चार गंभीर रूप से झुलस गए। नरबतपुर में कर्मनाशा नदी किनारे मवेशी चरा रहे एक की मौत हो गई। वहीं, राजपुर में देवढ़िया गांव की बधार में आम चुनने के दौरान 12 वर्षीय बालक की मौत हो गई। साथ रहा युवक बुरी तरह झुलस गया। सभी घायलों का उपचार सदर अस्पताल में जारी है। स्थिति गंभीर बताई जा रही है। कटिहार जिले के फलका प्रखंड स्थित मघेली गांव में वज्रपात की चपेट में आकर एक बच्चे की मौत हो गई। मृतक मु. मोजक्कीर का पुत्र मु. मौजफ्फिर (15) है। वर्षा के पानी में वह स्नान कर था। इसी दौरान वज्रपात की चपेट में आ गया। वहीं, बारसोई प्रखंड की बेलवा पंचायत के खोताहर गांव में घर के समीप घास काट रही महिला अनवरी बेगम की मौत हो गई, जबकि जहांआरा खातून जख्मी हो गईं। खीसराय जिले के रामगढ़ चौक थाना क्षेत्र अंतर्गत शेखपुरवा गांव में सोमवार को वज्रपात से विदेशी यादव (40) की मौत हो गई। वे भैंस चरा रहे थे। पश्चिम चंपारण में बगहा के मेघवल मठिया में दो किशोरों की मौत हो गई, जबकि तीन झुलस गए। मृतकों की पहचान वार्ड 10 निवासी नइमुद्दीन अंसारी के पुत्र शहाबुद्दीन अंसारी व सफीना खातून के पुत्र अशफाक अंसारी के रूप में की गई है। अशफाक, नाना अलाउद्दीन अंसारी के घर रहता था।

घटना में इसी गांव के शहादत अंसारी का 23 वर्षीय पुत्र शमीम अंसारी, नेजाम मियां का 11 वर्षीय पुत्र अजीम मियां और झगडू पासवान का सात वर्षीय पुत्र धीरज कुमार झुलस गए। सभी गांव से पूरब आम के बगीचे में गए थे। लौरिया प्रखंड की दनियाल परसौना पंचायत के सुगरछाप गांव के पश्चिम वृति सरेह में वज्रपात से एक महिला की मौत हो गई, जबकि पांच लोग घायल हो गए। सभी किसान विद्याकांत पांडेय के खेत से धान की रोपनी कर लौट थे।

तेज गर्जन के साथ वज्रपात में सुगरछाप गांव निवासी राजू पासवान की पत्नी सविता देवी (36) की मौत घटनास्थल पर हो गई।

रामज्ञा पासवान की पत्नी तारा (65), बहादुर राऊत की पत्नी सोना कुंअर (66), नत्थू राम के पुत्र मनोज राम (40), बसंत पासवान की पत्नी बबीता देवी (40) व प्रमोद राम की पत्नी बियफी देवी (45) झुलस गए। सभी का इलाज गांव में ही किया गया।

### जज बनने के लिए 3 साल की प्रैक्टिस जरुरी, पुनर्विचार याचिका दाखिल

**नई दिल्ली, 16 जून।** उच्चतम न्यायालय में दायर एक याचिका में उसके 20 मई के उस आदेश पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया गया है जिसमें युवाओं को विधि स्नातक होते ही न्यायिक सेवा परीक्षा में शामिल होने से रोक दिया गया और प्रवेश स्तर के पदों पर आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम तीन साल वकालत करने का मानदंड तय किया गया है।

प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन ने 20 मई को सिविल न्यायाधीश (जूनियर डिवीजन) बनने के लिए न्यायिक सेवा परीक्षा में शामिल होने के वास्ते न्यूनतम तीन साल वकालत करने को अनिवार्य बनाने का फैसला दिया था।

## सामरिक साझेदारी को रोडमैप बनायेंगे भारत व साइप्रस: मोदी



- संयुक्त राष्ट्र में सुधारों को लेकर भी भारत और साइप्रस के विचार एक समान
- प्रधानमंत्री मोदी को साइप्रस का सर्वोच्च नागरिक सम्मान

**निकोसिया, 16 जून।** भारत और साइप्रस अपनी साझेदारी को सामरिक स्तर तक ले जाने के लिए अगले पांच वर्षों का रोडमैप बनायेंगे जिसमें द्विपक्षीय रक्षा सहयोग कार्यक्रम और साइबर तथा सुमुद्री क्षेत्र में सुरक्षा पर वार्ता भी शामिल होगी।

साइप्रस की यात्रा पर आये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को यहां राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद संवाददाताओं को संबोधित करते हुए सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में समर्थन के लिए साइप्रस के प्रति आभार भी व्यक्त किया। दो दशक से भी लंबे अंतराल के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की साइप्रस यात्रा का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यह आपसी संबंधों में एक नया अध्याय लिखने का अवसर है। दोनों देश साझेदारी को सामरिक दायरे तक बढाने के लिए पांच वर्षों का रोड़ मैप तैयार करेंगे। मोदी ने कहा, अपनी साझेदारी को स्ट्रेटेजिक दिशा देने के लिए हम अगले पांच वर्षों के लिए एक ठोस रोडमैप बनायेंगे।

रक्षा और सुरक्षा सहयोग को और मजबूती देने के लिए द्विपक्षीय रक्षा सहयोग कार्यक्रम के तहत रक्षा उद्योग पर बल दिया जायेगा। साइबर और मैरीटाइम सिक्योरिटी पर अलग से वार्ता शुरू की जायेगी। प्रधानमंत्री ने आतंकवाद के विरूद्ध भारत की लड़ाई को समर्थन देने के लिए साइप्रस के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा, क्रॉस-बॉर्डर टेररिज्म के विरुद्ध भारत की लड़ाई में साइप्रस के सतत समर्थन के हम आभारी हैं।



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पटना में होली पुनपुन परियोजना अंतर्गत एलिवेटेड रोड का उद्घाटन करते हुए।

### देश में कोरोना संक्रमण से 11 मरीजों की मौत

**नयी दिल्ली, 16 जून।** देश में पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना संक्रमण से 11 और मरीजों की मौत होने से इस वायरस से मरने वालों की कुल संख्या 108 पहुंच गई और 119 सक्रिय मामले घटने के साथ कुल सक्रिय मामले 7264 हो गये हैं। इससे पहले रविवार को कोरोना सक्रिय मामलों की कुल संख्या 7383 थी। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से आज जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटों में कोराना के संक्रमण से केरल में सात, छत्तीसगढ़, दिल्ली, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में एक-एक मरीज की मौत हो गयी है। पिछले 24 घंटों में उत्तर प्रदेश, राजस्थान और कर्नाटक में जहां ज्यादा सक्रिय मामले सामने आये हैं वहीं राष्ट्रीय राजधानी, केरल, तमिलनाडु और गुजरात में सक्रिय मामलों में कमी आयी है।

### बिहार के साथ तमिलनाडु और बंगाल में भाजपा की चुनावी दस्तक

## चाणक्य शाह दिला पाएंगे पार्टी को ये दो अहम राज्य?

■ कुमार सौवीर

**सियासत**

- 2025 में बिहार तो 2026 में बंगाल-तमिलनाडु में चुनाव
- तीनों जीत 2027 में उप्र के लिए बनेंगी बूस्टर डोज
- दोनों राज्यों में अब तक भाजपा नहीं चख पाई जीत का स्वाद

**नई दिल्ली, 16 जून।** तीन -तीन बार केन्द्र और फिलहाल... राज्यों में अकेले या गठबंधन में सत्तारुढ़ 'मोदी है तो मुमकिन है ' वाली भाजपा दक्षिण के राज्यों सहित बंगाल में सत्ता को तरस रही है। भाजपा ने अकेले और गठबंधन दलों के साथ 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद महाराष्ट्र, हरियाणा और दिल्ली विधानसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत के साथ जीत दर्ज की है, ऐसे में पार्टी अब इस साल बिहार और फिर अगले साल बंगाल और तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में जीत के लिए पूरा फोकस कर रही है।

तमिलनाडु और बंगाल, दोनों राज्यों में अब तक एक बार भी कमल नहीं खिल सका है। ऐसे में पार्टी ने अपने सबसे बड़े चाणक्य केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर भरोसा जताया है। देखा जाए तो बंगाल में चुनाव जीतना अकेले भाजपा के लिए ही नहीं, बल्कि पीएम मोदी और अमित शाह के लिए सम्मान का प्रश्न बन गया है तो तमिलनाडु में सत्ता में आना पार्टी के लिए हिंदी हार्ट लैंड से बाहर दक्षिण तक पहुंच बनाने के लिए जरूरी प्रवेश द्वार है। एक दशक पहले तक भाजपा को दक्षिण भारत और पूर्वोत्तर से बाहर की पार्टी माना जाता था।

हालांकि अब पूर्वोत्तर में भाजपा की दमदार मौजूदगी है जबकि दक्षिण भारत में वह निरंतर जनाधार बढ़ाने में लगी है। इसी क्रम में 2024 लोकसभा चुनाव में पार्टी केरल में एक लोकसभा सीट भी जीतने में कामयाब रही है।

भाजपा पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु दोनों ही राज्यों में संगठन से लेकर बूथ स्तर तक मजबूती से काम कर रही है। दोनों राज्यों में अगले साल चुनाव होने वाले हैं और यहां मौजूदा सरकार के खिलाफ एंटी इनकंबेंसी का भी माहौल है।

इसका फायदा उठाने के लिए भाजपा पूरी मेहनत कर रही है। तमिलनाडु में अपनी स्थिति को समझते हुए पार्टी ने एआईएडीएमके से गठबंधन किया है। पार्टी ने अन्नामलाई की जगह पर नयनार नागेंद्रन को प्रदेश अध्यक्ष बनाया है।

### भारतीय तटरक्षक बल के लिए 60 फीसदी स्वदेशी जहाज अचल किया लॉन्च

**नई दिल्ली, 16 जून।** भारतीय तटरक्षक बल के लिए गोवा शिपयार्ड लिमिटेड में 60 फीसदी स्वदेशी सामग्री के साथ तैयार जहाज अचल सोमवार को लॉन्च किया गया। पश्चिमी समुद्र तट के तटरक्षक कमांडर अनिल कुमार हरबोला की पत्नी कविता हरबोला ने 'अथर्ववेद' के मंत्रों के साथ जहाज का नामकरण किया।

भारतीय तटरक्षक बल ने आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए यह मुकाम हासिल किया है।लॉन्चिंग समारोह में गोवा शिपयार्ड लिमिटेड (जीएसएल) के सीएमडी बृजेश कुमार उपाध्याय ने शिपयार्ड और विभिन्न उद्योगों के प्रयासों की सराहना की, ताकि तटरक्षक बल की सभी जहाज निर्माण आवश्यकताओं को स्वदेशी रूप से पूरा किया जा सके। इसके अलावा सभी बाधाओं को पार करते हुए इस महत्वपूर्ण उपलब्धि को हासिल करने के लिए जीएसएल के कर्मचारियों को बधाई देते हुए उन्होंने उपस्थित सभी लोगों से आह्वान किया कि रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता की दिशा में सही दिशा में आगे बढ़ा जाए। उन्होंने कहा कि 'अचल' का शुभारंभ हमारे देश की जहाज निर्माण क्षमता का एक अनुकरणीय प्रमाण है। गोवा शिपयार्ड लिमिटेड (जीएसएल) में भारतीय तटरक्षक बल के लिए आठ फास्ट पेट्रोल वेसल का निर्माण किया जा रहा है। यह अनुबंध 28 मार्च, 22 को 473 करोड़ रुपये में हुआ था। इन जहाजों का निर्माण 60 फीसदी से अधिक स्वदेशी सामग्री के साथ किया जा रहा है।

# मिथिला विश्वविद्यालय के संगीत एवं नाट्य विभाग में 16 से 22 तक राष्ट्रीय संगीत कार्यशाला का आयोजन शुरू



**दरभंगा, 16 जून (तरुणमित्र)।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के संगीत एवं नाट्य विभाग द्वारा 16 से 22 जून तक विश्व संगीत दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय संगीत कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विवि के कुलपति प्रो. संजय कुमार चौधरी संरक्षक है। इस कार्यशाला में देश-भर के संगीत साधक और शिक्षक विषय-विशेषज्ञ के रूप में विभिन्न विषयों पर सोदाहरण व्याख्यान, मंच-प्रदर्शन और कार्यशाला को संबोधित करेंगे।

यह जानकारी देते हुए कार्यशाला की संयोजक व विभागाध्यक्ष प्रो. लावण्य कीर्ति सिंह 'काव्या' ने बताया कि विभाग के छात्र-छात्राओं एवं शोधार्थियों के अतिरिक्त देश के विभिन्न भागों से प्रतिभागी इस राष्ट्रीय कार्यशाला का लाभ उठाएंगे। 'संगीत शास्त्र और राग परम्परा' विषयक यह कार्यशाला प्रतिभागियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण होगी। इस कार्यशाला में ग्वालियर घराना के विद्वान गायक एवं गुरु पंडित समीर भालेराव विश्व संगीत दिवस के अवसर पर अपनी गायन प्रस्तुति करेंगे। साथ ही कार्यशाला में प्रतिभागियों को राग - गायन से संबंधित गायकी की पारम्परिक विधाओं की शिक्षा देंगे। इनके अतिरिक्त तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय की विभागाध्यक्ष प्रो. निशा झा 'आसावरी अंग के राग'; मगध महिला महाविद्यालय पटना के पूर्व अध्यक्ष डॉ. अरविंद कुमार 'संगीत शास्त्र और बन्दिश गायन ' बी एन मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा के विभागाध्यक्ष डॉ. पंकज कुमार शर्मा 'विभिन्न गायन शैलियों में तबला संगती सहित अन्य कार्यशाला के विषय एवं विशेषज्ञ होंगे।

इस आयोजन में पद्मविभूषण शारदा सिन्हा चेयर और विश्वविद्यालय संगीत एवं नाट्य विभाग द्वारा संयुक्त रूप से 20 जून को ' शारदा सिन्हा की लोक गायन शैली' शीर्षक प्रस्तुति परक कार्यशाला का आयोजन होगा।

कार्यशाला के प्रथम दिन तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय की संगीत विभागाध्यक्ष प्रो. निशा झा राष्ट्रीय कार्यशाला की विषय विशेषज्ञ के रुप में 'आसावरी अंग के राग' शीर्षक के अन्तर्गत गायन प्रस्तुत करते हुए ऑफलाइन और ऑनलाइन उपस्थित लगभग दो सौ प्रतिभागियों को राग आसावरी, जौनपुरी, कोमल ऋषभ आसावरी, गांधारी और देव गांधार रागों को विवेचन के साथ समझाया। राष्ट्रीय कार्यशाला का आरम्भ आगत अतिथियों और विभागाध्यक्ष द्वारा सम्मिलित रूप से दीप - प्रज्वलन कर किया गया।

# सीएमआर आपूर्ति में लापरवाह पदाधिकारी को चिन्हित कर कार्रवाई करने का निर्देश



**दरभंगा, 16 जून (तरुणमित्र)।** पैक्स और व्यापार मंडल द्वारा खरीफ विपणन मौसम 2024 - 25 में धान अधिप्राप्ति और शत प्रतिशत सीएमआर वसुली को लेकर डीएम की अध्यक्षता में बैठक की गई। जिसमें डीएम ने कहा कि खरीफ विपणन मौसम 2024 - 25 में जिले में 21933.725 मैट्रिक टन सीएमआर की आपूर्ति की गई है।

विभाग द्वारा सीएमआर आपूर्ति की अंतिम तिथि 15 जून निर्धारित थी। लेकिन निर्धारित अवधि में शत प्रतिशत सीएमआर की आपूर्ति नहीं होने पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त किया। डीएम ने सभी संबंधित पदाधिकारी के लापरवाही को चिन्हित करते हुए उसके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने बताया कि दो प्रखंड को छोड़कर सभी प्रखंडों में सीएमआर लंबित है। जिला स्तर पर 77.47 % सीएमआर की वसूली की गई है। जिले में अब तक 2831 4.309 मैट्रिक टन सीएमआर के विरुद्ध 21933.725 मैट्रिक टन सीएमआर की आपूर्ति की गई है। साथ ही विभाग द्वारा धान का भौतिक सत्यापन करवाया जा रहा है एवं सत्यापन प्रतिवेदन के आधार पर सीएमआर चावल आपूर्ति की तिथि बढ़ने की संभावना है। बैठक में उपनिदेशक जनसंपर्क सत्येंद्र प्रसाद, जिला सहकारिता पदाधिकारी प्रेम कुमार शर्मा, प्रखंड सहकारिता अधिकारी, पैक्स अध्यक्ष और मिलर उपस्थित हुए।

# बारसोई प्रखंड क्षेत्र में ब्रजपात से महिला की मौत, मातम



**बारसोई, कटिहार, 16 जून (तरुणमित्र)।** बारसोई प्रखंड के बेलुवा पंचायत स्थित कोताहार ग्राम में सोमवार की पूर्वाहन करीब 10:30 बजे बादलों की तेज गर्जना के बीच अचानक बज्रपात की घटना घटित हो जाने से खेत में घास काट रही एक महिला अनवरी खातून (45वर्ष) की मौके पर ही दर्दनाक मृत्यु हो गयी।

घटना की सूचना मिलते ही परिजन घटना स्थल पर दौड़े चले आये। मृतिका के जले हुये शरीर को देख कर दहाड़े मार मार कर रोने लगे। आनन फानन में परिजनों ने मृतिका को बारसोई स्थित अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतिका कोताहार निवासी जहानूर की पत्नी बताई जा रही है। गौरतलब हो कि आसमानी आफत रूपी इस बज्रपात की घटना घटित हो जाने से पीड़ित परिवार पर आंसुओं के शैलाब टूट पड़े हैं। मृतिका के पति दिव्यांग हैं। मृतिका ही पति की देखभाल किया करती थीं। मृतिका की इस तरह से अकाल मृत्यु हो जाने से दिव्यांग पति भी बेसहारा हो गए हैं।

वहीं इस संबंध में आस पास के लोगों ने बताया कि मृतिका उस दौरान खेत में मवेशीयों के लिए चारे का प्रबंध करने गई हुईं थीं। तभी आकाशीय बिजली मृतिका पर आ गिरी। आकाशीय बिजली के चपेट में आ जाने से मृतिका बुरी तरह से झुलस गयीं. वह अचेत होकर घटना स्थल पर ही गिर गयीं। मौक पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गयीं। घटना की सूचना मिलते ही मुखिया प्रतिनिधि अब्दुल वदूद मृतिका के घर पहुंचे। पीड़ित परिवार से मिलकर उनका ढांढस बढ़ाया। घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए लोजपा नेत्री संगीता देवी, मुखिया संघ अध्यक्ष बारसोई प्रखंड मोअज्जम हुसैन एवं जदयू नेता रौशन अग्रवाल ने प्रशासन से उचित मुआवजा दिए जाने की मांग की है।

## 5 घटनाओं में पीड़ित परिवार को बैंक चेक के माध्यम में मुआवजा भुगतान किया गया

**गया, 16 जून (तरुणमित्र)।** जिले के डीएम शशांक शुंभकर द्वारा जिले में पूर्व में घटित आपदा की कुल 05 घटनाओं में पीड़ित परिवार को बैंक चेक के माध्यम में सोमवार को मुआवजा भुगतान किया गया।बाराचट्टी थाना क्षेत्र में वर्ष 2024-25 में तालाब में डूबने से संजय मांझी उर्फ संजय मंडल, ग्राम तुलाचक की मृत्यु हुई थी, उनके आश्रित पत्नी सोनवा देवी को डीएम के हाथों आज 4 लाख रुपये का बैंक चेक सौपा गया।बाराचट्टी थाना क्षेत्र में वर्ष 2019-20 में सामूहिक सड़क दुर्घटना में खुशबू कुमारी, ग्राम अदल पुर भदेया की मृत्यु हुई थी, उनके आश्रित माता सुनीता देवी को डीएम के हाथों आज 4 लाख रुपये का बैंक चेक सौपा गया।मोहनपुर थाना क्षेत्र में वर्ष 2024-25 में आहार में डूबने से बद्री मांझी, ग्राम लखेपुर टोला नावा डीह की मृत्यु हुई थी, उनके आश्रित पत्नी लक्ष्मीनिया देवी को डीएम के हाथों आज 4 लाख रुपये का बैंक चेक सौपा गया।परैया थाना क्षेत्र में वर्ष 2021-22 में सामूहिक सड़क दुर्घटना में रामानंद पासवान, ग्राम सुधनी सोलरा परैया की मृत्यु हुई थी।

# पंचायती राज मंत्री चुनिन्दा मुखियाओं को करेंगे सम्मानित

**कटिहार, 16 जून (तरुणमित्र)।** राज्य के सभी 38 जिलों के जिला परिषद अध्यक्ष 18 जून को पटना में होंगे. राजधानी के एक निजी होटल में आयोजित कार्यक्रम में उनकी उपस्थिति में पंचायती राज मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता चयनित पंचायत के मुखिया को सम्मानित करेंगे। इन चयनित मुखिया ने फाइलेरिया उन्मूलन के लिए चलाए गये सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम में उल्लेखनीय योगदान दिया था।

इन चयनित मुखिया को मंत्री द्वारा प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया जाएगा। राज्य कार्यालय (फाइलेरिया) और पीरामल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में सभी 38 जिलों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, बीबीडी पदाधिकारी व स्वास्थ्य विभाग के अन्य सहयोगी व कर्मी वर्चुअल माध्यम से शामिल होंगे। इसके साथ ही विश्व स्वास्थ्य संगठन, सिफार, लेप्रा सोसायटी और अन्य स्वयंसेवी संस्थाओं के सदस्य भी शामिल होंगे। फाइलेरिया के राज्य सलाहकार डॉ. अनुज सिंह रावत ने बताया कि बिहार के सभी 38 जिले फाइलेरिया से प्रभावित हैं. सरकार द्वारा फाइलेरिया से बचाव हेतु प्रत्येक वर्ष सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम चलाया जाता है। इस कार्यक्रम के दौरान 2 वर्ष से ऊपर के सभी व्यक्तियों को फाइलेरिया से बचाव की दवा सेवन कराई जाती है. यह बीमारी मच्छर के काटने से होती है. इसके लक्षण सामान्य तौर पर 10 से 15 वर्षों के बाद परिलक्षित होते हैं। यह पुरुषों के हाथ, पैर और जननांग तथा महिलाओं के स्तन, हाथ, पैर व जननांग में सूजन के रूप में दिखाई देता है।

उन्होंने बताया कि इससे बचाव का आसान उपाय सर्वजन दवा सेवन के दौरान दवा का सेवन करना है। यह दवा पूरी तरीके से सुरक्षित है जिसे सभी को खाना अत्यंत आवश्यक है। फाइलेरिया से इस जंग में सभी लोगों का सहयोग व साथ अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए आगामी 10 फरवरी 2026 से राज्य के सभी जिलों में चलाई जाने वाले एमडीए कार्यक्रम में सभी के सहयोग की आवश्यकता है।

## राकेश कुमार सिंह बने जदयू मीडिया सेल के जिला महासचिव, पार्टी नेतृत्व ने जताया विश्वास



**आजमनगर, कटिहार, 16 जून (तरुणमित्र)।** आजमनगर प्रखंड अंतर्गत महेशपुर पंचायत के भारत चौक निवासी राकेश कुमार सिंह को जनता दल यूनाइटेड के मीडिया सेल का जिला महासचिव मनोनीत किया गया है। पार्टी नेतृत्व द्वारा राकेश कुमार सिंह को यह अहम ज़िम्मेदारी सौंपे जाने पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। नवमनोनीत जिला महासचिव ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मैं जदयू की नीति, सिद्धांत और बिहार के माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने का हरसंभव प्रयास करूंगा।

उन्होंने विशेष रूप से माननीय पूर्व सांसद दुलाल चंद्र गोस्वामी, जदयू मीडिया सेल के जिला अध्यक्ष उदय सिंह, शंभू सुमन एवं संजीव श्रीवास्तव के प्रति भी आभार प्रकट किया और कहा कि उनके सहयोग एवं मार्गदर्शन से वह संगठनात्मक जिम्मेदारी को बेहतर ढंग से निभाएंगे।राकेश कुमार सिंह के मनोनयन से जदयू कार्यकताओं में भी उत्साह देखा जा रहा है। पार्टी पदाधिकारियों ने उम्मीद जताई है कि उनके अनुभव और सक्रियता से संगठन को मजबूती मिलेगी।

## पवित्र सूर्यकुंड में मर रहीं मछलियां, गर्मी और पानी की कमी से मौत की संभावना

**गयाजी, 16 जून (तरुणमित्र)।** जिले में भीषण गर्मी से लोग परेशान हैं।गर्मी और पानी की भारी किल्लत से जीवों पर भी आफत बन गई है।जिले के पवित्र सूर्यकुंड में इन दिनों मछलियों की मौत का सिलसिला जारी है।हर दिन बड़ी संख्या में मरी मछलियां पानी में तैरती नजर आ रही हैं।स्थानीय लोगों का कहना है कि सूर्यकुंड में पानी का स्तर तेजी से घटा है। तपिश के कारण कुंड का पानी बेहद गर्म हो गया है। मछलियों को सांस लेने में परेशानी हो रही है।यही उनकी मौत की बड़ी वजह बन रही है।इससे पूरे इलाके में दुर्गंध फैल रही है।वहीं, तीर्थ सुधारनी सभा के पदाधिकारी गजाधर लाल कटारिया ने कहा कि मछलियों की मौत के तीन अहम कारण हैं।पहला पानी की कमी, गर्म पानी और संभावना है कि किसी शरारती तत्व ने कुंड में जहरीला केमिकल मिला दिया हो।हालांकि ये जांच का विषय है। कुंड में पानी भराव के लिए दो पंप लगाए गए थे। उनमें से एक ही काम कर रहा है।

# बिजली आपूर्ति की समस्या से शहर से ग्रामीण क्षेत्रों में आमजन त्रस्त : सांसद तारिक



**कटिहार, 16 जून (तरुणमित्र)।** सोमवार को सांसद तारीक अनवर ने प्राणपुर,अमदाबाद व सदर विधानसभा के अलग-अलग क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाया जहां ग्रामीणों ने सांसद का जोरदार अभिनंदन भी किया।

सांसद तारीक अनवर जनसंपर्क अभियान चला कर स्थानीय जन समस्याओं से अवगत हुए और समस्या के जल्द समाधान का आश्वासन भी दिया ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान के दौरान खासकर बिजली की समस्या से ग्रामीणों ने सांसद को अवगत कराया इसके अलावा ग्रामीणों ने सड़क-नाला सहित अन्य समस्या को लेकर भी सांसद को अवगत कराया।

इस दौरान सांसद तारीक अनवर ने कहा कि शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह से फेल है और सरकार घर-घर 24 घंटे बिजली आपूर्ति का दावा करते हैं सांसद ने कहा कि इस भीषण गर्मी में विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति से लोग परेशान हैं और सरकार को कोई मतलब नहीं है उन्होंने कहा कि कटिहार में बिजली की समस्या के जल्द समाधान को लेकर आवाज बुलंद किया जाएगा। इसके अलावा उन्होंने कहा कि ग्रामीणों के द्वारा अन्य समस्या भी बताई गई है जिसका जल्द समाधान करवाया जाएगा। इसके अलावा सांसद तारीक अनवर ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों से बाढ़ग्रस्त और कटावग्रस्त क्षेत्र में वर्तमान स्थिति का भी जानकारी लिया और संबंधित पदाधिकारी से बात कर कटावग्रस्त और बाढ़ग्रस्त क्षेत्र में बाढ़ पूर्व तैयारी पूरा करने का भी निर्देश दिया। इस दौरान सांसद ने सरकार को घेरते हुए कहा कि हर वर्ष सरकार बाढ़ पूर्व तैयारी का दावा करते हैं और बाढ़ आते हैं सभी तैयारियां फैल हो जाता हैं इसलिए अभी से कटिहार के बाढ़ग्रस्त क्षेत्र में तैयारी दुरस्त रखने की जरूरत है जिसको लेकर संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दे दिया गया हैं।

मौके पर कटिहार कांग्रेस अध्यक्ष सुनील कुमार यादव, अवधेश मंडल,सऊद आलम, फिरोज कुरैशी,संजय सिंह,आफताब आलम,कंचन दास,गोपाल यादव,मो० मन्नान,क्रितानंद यादव,संजय मंडल सहित कई स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बुद्धिजीवी लोग भी मुख्य रूप से मौजूद रहें।

# 15 दिन के भीतर जल नल योजना की जांच रिपोर्ट देने और लंबित योजनाएं जल्द चालू करने का निर्देश

## पेयजल आपूर्ति के लिए पंचायत और प्रखंड स्तर पर करें व्हाट्सएप ग्रुप गठन : डीएम




**दरभंगा, 16 जून (तरुणमित्र)।** मुख्यमंत्री पेयजल निश्चय योजना अंतर्गत लोक स्वास्थ्य प्रमंडल दरभंगा द्वारा पेयजल आपूर्ति सुचारु रुप से संचालन को लेकर डीएम कौशल कुमार की अध्यक्षता में अंबेडकर सभागार में बैठक हुई। जिसमें पेयजल संकट के तुरंत समाधान के लिए कार्यपालक अभियंता पीएचईडी को पंचायत एवं प्रखंड स्तर पर संचालन समिति और व्हाट्सएप ग्रुप गठन करने का निर्देश दिया गया।

डीएम ने पंचायत स्तर पर संचालन समिति में मुखिया, वार्ड सदस्य, पम्प ऑपरेटर एवं संवेदक को रखने का निर्देश दिया। जबकि प्रखंड स्तर पर संचालन समिति में बीडीओ, मुखिया, संवेदक एवं कनीय अभियंता को रखने का निर्देश दिया। डीएम ने सभी सहायक अभियंता एवं सभी कनीय अभियंता को प्रतिदिन सभी स्कीम का पंचायत वार कार्य योजना बनाकर निरीक्षण करने का निर्देश दिया। उन्होंने छोटी - छोटी पेयजल समस्या को 24 घंटे के अंदर समाधान करने का निर्देश दिया।

उन्होंने कार्यपालक अभियंता पीएचईडी को पम्प ऑपरेटर, बिजली विभाग एवं संवेदक का भुगतान लंबित नहीं रखने का निर्देश दिया। पंचायत के माध्यम से बिजली बिल के भुगतान के लिए सात करोड़ 76 लाख 5 हजार 714 रुपये दिए। डीएम ने कहा कि सभी 308 पंचायत में अनुरक्षक के लिए 5 करोड़ 71 लाख 3 हजार रुपए सरकार के द्वारा दिया गया है।

जिला में 661 नया स्कीम लिया गया है। जिसके तहत जो घर, गांव और टोले छूट गए हैं वहां नल जल की सुविधा प्रदान की जाएगी। इसमें और घरों को जोड़ा जा सकता है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर रिचार्ज को लेकर नल जल योजना बाधित न रहे यह संबंधित पदाधिकारी सुनिश्चित करें। लापरवाही और उदासीन रहने वाले अधिकारियों को सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि 15 दिन के अंदर सभी योजना का जांच कर लंबित योजनाओं को जल्द से जल्द चालू करें। कार्य में लापरवाही बरतने वाले पदाधिकारी एवं कमीर्यों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

डीएम ने नल - जल योजना में निजी मोटर लगाने वालों पर प्राथमिकी दर्ज करने का सख्त निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में जिला स्तर के टीम द्वारा भी निरीक्षण किया जाएगा। योजना क्रियान्वित नहीं रहने पर विधि संवत कारवाई सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में उप निदेशक जन संपर्क सत्येंद्र प्रसाद, कार्यपालक अभियंता पीएचईडी आदित्य कुमार, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता एवं संवेदक उपस्थित थे।

# संक्षिप्त समाचार

## रौतारा थाना क्षेत्र में खेत जोतने को लेकर विवाद गहराया, धान का बिचड़ा बर्बाद

**कोलासी, कटिहार, 16 जून (तरुणमित्र)।** कटिहार जिले के रौतारा थाना अंतर्गत चंदवा पंचायत के कुम्हरा ग्राम में जमीन विवाद ने तूल पकड़ लिया है। खेत जोतने को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए हैं। इस विवाद में एक ओर जहां एक किसान का धान का बिचड़ा बर्बाद हो गया, वहीं दूसरी ओर जमीन के स्वामित्व को लेकर भी गंभीर आरोप-प्रत्यारोप लग रहे हैं। पीड़ित मोहम्मद इस्माइल, जो कुम्हरा ग्राम के निवासी हैं, ने रौतारा थाना में आवेदन देकर आरोप लगाया है कि उन्होंने धान की फसल लगाने के उद्देश्य से अपने खेत में बिचड़ा लगाया था। लेकिन बीती रात मोहम्मद अशरफ, गुलशन खातून, अनीता देवी, राजेंद्र यादव, पवन यादव और पंकज यादव ने मिलकर ट्रैक्टर से पूरे खेत को जोत दिया, जिससे बिचड़ा पूरी तरह से नष्ट हो गया। मोहम्मद इस्माइल का कहना है कि यह कार्य जानबूझकर उन्हें नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से किया गया है। उन्होंने आरोपितों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है और कहा कि इस घटना से उन्हें भारी आर्थिक क्षति हुई है। वहीं इस मामले में अनीता देवी, जो पवन यादव की पत्नी हैं, ने भी अपना पक्ष रखा है। उनका कहना है कि जिस जमीन पर विवाद हो रहा है, वह उनकी खरीदी हुई संपत्ति है। उन्होंने आरोप लगाया कि मोहम्मद इस्माइल उन्हें जमीन पर कब्जा नहीं करने दे रहे हैं।



## कटिहार रेलवे भारत स्काउट एंड गाइड परिसर में चल रही नाटक कार्यशाला उत्साहपूर्वक संपन्न

**कटिहार, 16 जून (तरुणमित्र)।** कटिहार रेलवे भारत स्काउट एंड गाइड परिसर में चल रही पांच दिवसीय नाटक कार्यशाला के दूसरे दिन का आयोजन आज अत्यंत उत्साह और ऊर्जा के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यशाला में लगभग 50 बच्चों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और रंगमंच की विभिन्न तकनीकों को गहराई से सीखा। कार्यशाला की शुरूआत समूह गीत से हुई, जिसने बच्चों को एकजुट करते हुए वातावरण को ऊजार्वान बना दिया। इसके बाद क्लैप गेम, ज़िप जैप ज़ू, पैरट सेज जैसे कई रोचक और इंटरएक्टिव रंगमंचीय गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को आवाज, शरीर की भाषा और अभिव्यक्ति (एक्सप्रेशन) पर केंद्रित प्रशिक्षण दिया गया। इन अभ्यासों ने बच्चों में आत्मविश्वास और संप्रेषण कौशल को विकसित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस विशेष कार्यशाला का संचालन सिने अभिनेता एवं प्रसिद्ध रंगकर्मी मनीष कुमार द्वारा किया जा रहा है, जो रंगमंच की दुनिया में एक प्रतिष्ठित नाम हैं।



## गहलौर थाना का वार्षिक निरीक्षण किया गया

**गयाजी, 16 जून (तरुणमित्र)।** जिले के एसएसपी आनंद कुमार के निदेर्शानुसार सोमवार को डीएसपी नीमचक बथानी द्वारा गहलौर थाना का वार्षिक निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाने में संधारित समस्त संचिकाओं एवं अभिलेखों का सूक्ष्मता से अवलोकन कर उन्हें अद्यतन एवं व्यवस्थित रखने हेतु निर्देशित किया।इसके उपरांत उन्होंने गंभीर शीर्ष के लंबित कांडों, वारंट, इश्तिहार एवं कुर्की की शीघ्रता से निष्पादन सुनिश्चित करने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।साथ ही उन्होंने संपूर्ण थाना परिसर का निरीक्षण कर उसकी साफ-सफाई एवं समुचित रख-रखाव हेतु भी दिशा-निर्देश जारी किए।

## एसएसपी ने जनता दरबार में आए हुए लोगों की शिकायतें सुनी

**गयाजी, 16 जून (तरुणमित्र)।** जिले के एसएसपी आनंद कुमार के द्वारा सोमवार को जनता दरबार में आए हुए लोगों की शिकायतें सुनी गई।जिसमें 80 से अधिक लोग अपनी-अपनी समस्या लेकर उपस्थित हुए।एसएसपी के द्वारा सभी लोगों की समस्या को ध्यानपूर्वक सुना गया और उनके त्वरित एवं प्रभावी समाधान के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

## 17 जून तक बंद रहेंगे सभी स्कूल-कोचिंग

**गयाजी, 16 जून (तरुणमित्र)।** जिले में पड़ रही भीषण गर्मी और तेज लू को देखते हुए बच्चों की सुरक्षा को सर्वोपरि मानते हुए जिला प्रशासन ने कदम उठाया है।डीएम शशांक शुभंकर ने आदेश जारी कर जिले के सभी निजी स्कूल और कोचिंग संस्थानों को 16 और 17 जून 2025 तक पूरी तरह से बंद रखने का निर्देश दिया है।आदेश सभी स्कूल के सभी क्लास के ऊपर प्रभावी रहेगा।वहीं सरकारी स्कूलों में पहले से घोषित गर्मी की छुट्टियां 21 जून तक प्रभावी रहेंगी।आदेश में बताया गया है कि जिला प्रशासन को सूचना मिली थी कि कुछ निजी स्कूल अब भी खुले हुए हैं। इसे गंभीरता से लेते हुए डीएम ने भारत नगर निगम अधिनियम की धारा-163 के तहत यह आदेश जारी किया है। जिले के सभी निजी स्कूल और कोचिंग संस्थान 16 और 17 जून को पूरी तरह से बंद रहेंगे।सरकारी स्कूलों में पहले से घोषित ग्रीष्मावकाश 21 जून 2025 तक रहेगा।यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा और सभी संबंधित संस्थानों को इसका सख्ती से पालन करना होगा।जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया गया है कि वे इस आदेश की सूचना सभी स्कूल और कोचिंग संस्थानों को तुरंत भेजें और आदेश का पालन सुनिश्चित कराएं। प्रशासन की यह सख्ती बच्चों की जान को लू से बचाने के उद्देश्य से की गई है।

## हाइवा की टक्कर से नगर निगम के जमादार की मौत

**गयाजी, 16 जून (तरुणमित्र)।** जिले में रविवार को हाइवा की टक्कर से जमादार की मौत हो गई है। तेज रफ्तार हाईवा ने स्कूटी सवार को टक्कर मार दी।टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कूटी सवार की मौके पर ही मौत हो गई।इसके बाद गुस्साए लोगों ने हाइवा में आग लगा है।घटना विष्णुपद थाना क्षेत्र के घुघरीटांड़ बाईपास पर रविवार शाम की है।मृतक की पहचान माड़नपुर देवी स्थान मोहल्ला के रहने वाले प्रकाश दास के रूप में हुई है।वे गया नगर निगम में जमादार के पद पर कार्यरत थे।एक महीने पहले ही उनकी पोस्टिंग वार्ड नंबर-46 में हुई थी।वह ड्यूटी खत्म कर अपने घर माडनपुर को लौट रहे थे।हाइवा चालक मौके से फरार हो गया।घटना की सूचना मिलते ही इलाके में आक्रोश फैल गया। गुस्साए लोगों ने पहले तो सड़क जाम कर प्रदर्शन शुरू किया, फिर देखते ही देखते हाईवा में आग लगा दी। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि ट्रक जलकर खाक हो गया। सूचना पाकर पहुंची दमकल की टीम मौके पर पहुंची। टीम के कर्मियों ने किसी तरह आग पर काबू पाया।मौके पर विष्णुपद थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार पहुंचे और आक्रोशित लोगों को शांत कराया।

# उद्योग मंत्री ने परवाहा जाते अत्याधुनिक मशीनों से सुसज्जित माही बेकरी का किया निरीक्षण



**अररिया, 16 जून (तरुणमित्र)।** बिहार सरकार के उद्योग मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री नीतीश मिश्रा ने सोमवार को जिले के परवाहा हाट स्थित माही बेकरी का निरीक्षण किया। ग्रामीण इलाके में अत्याधुनिक मशीनों से सुसज्जित एवं बड़े ही हाइजिन तरीके से तैयार हो रहे बेकरी के उत्पादों का जायजा लिया।

उन्होंने बेकरी संचालक आशीष कश्यप से बातचीत की और उत्पादन, वितरण, बैंकिंग सहायता, सुरक्षा और विपणन के साथ मजदूरों की संख्या और संचालन में होने वाली परेशानियों को जानकर समझने की कोशिश की।उन्होंने जिला उद्योग विभाग से मिली सहायता को लेकर भी कई जानकारियां प्राप्त की और बेकरी संचालक को साफ सफाई और गुणवत्ता को सदा बरकरार रखने की सलाह दी। मौके पर उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने कहा कि राज्य सरकार न केवल बड़े बड़े उद्योग लगाने की दिशा में ही काम करती है।

बल्कि लघु और कुटीर उद्योगों के माध्यम से ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम करती है। उन्होंने कहा कि सरकार और उद्योग विभाग अपनी माटी अपना रोजगार के सिद्धांत काम करते हुए छोटे से छोटे और बड़े से बड़े उद्यमियों को प्रोत्साहित करने का काम करती है। फलस्वरूप बिहार में निवेश बढ़ रहा है।

उन्होंने बड़े पैमाने पर लगाए गए बेकरी से 50 से अधिक की संख्या में प्रतिदिन रोजगार मिलने के साथ हो सैकड़ों परिवारों के जीवनयापन होने की बात कही।उन्होंने कहा कि उद्योग छोटा हो या बड़ा रोजगार सृजित करने का काम करती है।उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि युवाओं को गांवों ही जोड़कर रोजगार दिया जाय। बिहार सरकार के उद्योग मंत्री के साथ भाजपा और जदयू के नेता सहित जनप्रतिनिधि शामिल थे।

मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण झा,पूर्व विधायक लक्ष्मी नारायण मेहता, परमानंद ऋषिदेव, जदयू जिलाध्यक्ष आशीष पटेल,शाद अहमद बबलू,केशव मोहन चौधरी, कलपु केशरी,निशांत ठाकुर, इंद्रकांत ठाकुर, रविन्द्र ठाकुर,ललित चौधरी, आकाश राजा, राजा मिश्रा,अनुपम सागर आदि मौजूद थे।वहीं मंत्री के साथ जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक कृष्ण कुमार भारती,उप महाप्रबंधक शिव कुमार,परियोजना पदाधिकारी निखिल कश्यप,उद्योग विस्तार पदाधिकारी देवेंद्र कुमार,उग्रणारायण कुमार, विजय कुमार सहित अन्य अधिकारियों ने भी बेकरी की स्थिति और संचालन का निरीक्षण किया।

## करजरा में हुआ राजद का महिला जनसंवाद

**वजीरगंज (गयाजी), 16 जून (तरुणमित्र)।** प्रखंड क्षेत्र के करजरा महादलित टोला में सोमवार को राष्ट्रीय जनता दल ने महिला जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया।जनसंवाद को संबोधित करते हुए राजद के बिहार मीडिया ट्रेनर एसएम गुलाम तथा प्रखंड अध्यक्ष दिनेश प्रसाद यादव ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर राजद ने माई - बहिन योजना के तहत 2 हजार 500 रूपया, रोजगार और बेरोजगारी उन्मूलन के तहत लाखों लोगों को नौकरी, 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली, सामाजिक सुरक्षा पेंशन 15 सौ रुपए तक करने एवं सस्ता गैस सिलेंडर सहीत अन्य कल्याणकारी योजनाओं और वादों की घोषणा की है।

# मुख्यमंत्री ने मीठापुर-महुली-पुनपुन परियोजना एलिवेटेड/एटग्रेड सड़क का किया लोकार्पण

**पटना, 16 जून (तरूणमित्र)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना जिला के भूपतिपुर में आयोजित कार्यक्रम स्थल से मीठापुर-महुली-पुनपुन परियोजना अंतर्गत 1105 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित भूपतिपुर से पुनपुन (एनएच-22) तक एलिवेटेड/एटग्रेड पथांश का लोकार्पण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पथ के निर्माण से गयाजी, जहानाबाद, अरवल, औरंगाबाद और राजगीर जाने में लोगों को सुविधा होगी। साथ ही दक्षिण बिहार के विभिन्न जिलों में आना-जाना भी अब बेहद आसान हो जाएगा। मुख्यमंत्री नीतीश ने कहा कि पटना को जाम मुक्त बनाने और



शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने में यह एलिवेटेड सड़क काफी उपयोगी होगी।

इस एलिवेटेड सड़क के शुरू होने से राजधानी के दक्षिणी इलाकों में रहनेवाले लाखों लोगों को यातायात में काफी सहूलियत होगी एवं आवागमन में समय की बचत होगी। मुख्यमंत्री लौटने के क्रम में सिपारा के पास रुके। इस दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि मीठापुर-महुली एलिवेटेड का निर्माण सिपारा पुल के ऊपर से होगा और मीठापुर फ्लाईओवर गोलंबर पर आकर मिलेगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस बचे हुये कार्य को दो माह में पूर्ण करें। सिपारा से महुली एलिवेटेड पथ पर जाने के लिए भूपतिपुर के पास बने रैंप से होकर लोग अब सफर कर सकेंगे और सिपारा से महुली की दूरी महज 5 से 6 मिनट में पूरी हो जाएगी। लोकार्पण के पश्चात मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित एलिवेटेड/ एटग्रेड पथांश का भूपतिपुर से पुनपुन तक निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री पुनपुन में रुके और वहां उपस्थित लोगों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम पूछा।

## रोड एक्सीडेंट में पूर्व सैनिक की मौत

**गयाजी, 16 जून (तरुणमित्र)।** मानपुर-खीजरसराय रोड पर एक्सीडेंट हुआ।यहां सड़क किनारे एक बाइक सवार की जान चली गई। अज्ञात वाहन की टक्कर से 49 साल के ठाकुर अखिलेश्वर सिंह परमार की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक सोंधी गांव के रहने वाले थे और वे पूर्व सैनिक थे।फिलहाल, एसएस कॉलोनी में मकान निर्माण के सिलसिले में रोज गांव से शहर आना जाना कर रहे थे।काम खत्म कर बाइक से वे अपने गांव को लौट रहे थे, तभी रूपसपुर के पास तेज रफ्तार वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी और मौके से वाहन चालक फरार हो गया।घटना की जानकारी मृतक के भाई दिनेश सिंह को फोन पर किसी व्यक्ति ने दी।दिनेश सिंह कहना है कि जब वे घटनास्थल पर पहुंचे, तब तक भाई की सांसें थम चुकी थीं। मृतक के दो बेटे और एक बेटी हैं। परिवार पर गम का पहाड़ टूट पड़ा है। बुनियादगंज थाना प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल भेजा गया था। रिपोर्ट के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।पुलिस ने बताया कि घटना में शामिल वाहन की पहचान अभी नहीं हो सकी है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सीयूएसबी में पांच दिवसीय योग आधारित कार्यक्रम होंगे आयोजित

**टिकारी(गयाजी), 16 जून (तरुणमित्र)।** दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस -2025 के उपलक्ष्य में 17 जून 2025 से 21 जून 2025 तक पांच दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।कुलपति प्रो कामेश्वर नाथ सिंह के संरक्षण में कार्यक्रम का शुभारंभ 17 जून को एक दिवसीय सेमिनार के साथ होगा। इस एक दिवसीय सेमिनार हेतु अंतर विश्वविद्यालय योग विज्ञान केंद्र, बेंगलुरू द्वारा शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रो. आशीष कुमार सिंह को रु० 150000/- का अनुदान प्रदान किया गया है जो कि शारीरिक शिक्षा विभाग को किसी भी संस्थान द्वारा प्राप्त पहला अनुदान है।इस कार्यक्रम के लिए कुलपति ने समस्त विभाग को बधाई और शुभकामनाये दी हैं।जन सम्पर्क पदाधिकारी (पीआरओ) मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि सेमिनार के मुख्य वक्ता के तौर पर पं. रवि शंकर शुक्ल यूनिवर्सिटी के छात्र अधिष्ठाता एवं शारीरिक शिक्षा के विद्वान प्रो. राजीव चौधरी शिरकत करेंगे।

विस्तृत जानकारी देते हुए आयोजन सचिव डॉ. गौरव कुमार सिंह ने बताया कि दूसरे दिन दिनांक 18 जून को योग फॉर किड्स कार्यक्रम के तहत विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बच्चों को योग का अभ्यास एवं साथ ही विभिन्न प्रकार के अन्य कार्यक्रम कराये जायेंगे।तीसरे दिन दिनांक 19 जून को योग के फायदों के बारे में जागरूकता के लिए योग जागरूकता दौड़ का आयोजन किया जायेगा जिसमे विश्वविद्यालय के समस्त छात्र, शिक्षक, अधिकारी एवं कर्मचारी प्रतिभाग करेंगे।चौथे दिन दिनांक 20 जून को वृहद स्तर पर विश्वविद्यालय के छात्रों, शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा 21 राउंड सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया जायेगा तथा दिनांक 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयुष मंत्रालय के दिशा-निदेशों के अनुसार विश्वविद्यालय के छात्रों, शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को योगाभ्यास कराया जायेगा तथा पांच दिवसीय कार्यक्रम का समापन भी किया जायेगा।

# अररिया में पुलिस टीम पर हमला में थानाध्यक्ष समेत तीन जख्मी, पुलिस वाहन को किया क्षतिग्रस्त

**अररिया, 16 जून (तरूणमित्र)।** बिहार में अररिया जिले स्थित फारबिसगंज काली पूजा मेला ग्राउंड वार्ड संख्या एक में सरकारी जमीन को अनुमंडल प्रशासन ने चार दिन पहले सख्त रवैया अपनाते हुए खाली करवाया था। जिसके बाद अतिक्रमण मुक्त कराये गए सरकारी जमीन की मापी करवाकर अनुमंडल प्रशासन के द्वारा टीन से उसकी घेराबंदी कर दी गई थी। लेकिन कुछ लोगों के द्वारा कुछ हिस्सों से टीन को हटाकर फिर से अस्थायी तम्बू गाड़कर अतिक्रमण करने की कोशिश की गई। जिसे हटाने के लिए सोमवार की सुबह पहुंची फारबिसगंज थाना पुलिस पर आरोपित और उसके परिवार के सदस्यों ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया। जिसमें फारबिसगंज थानाध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह, सब इंस्पेक्टर अमित राज और एक होमगार्ड के जवान लक्ष्मण कुमार घायल हो गए।

इन तीनों पुलिस कर्मियों का इलाज फारबिसगंज अनुमंडलीय अस्पताल में कराया गया।फिलहाल घायल तीनों खतरे से बाहर बताए जाते हैं।आरोपित और उसके परिवार के सदस्यों ने पुलिस गाड़ी में भी तोड़फोड़ किया।वाहन में लगे शीशा को क्षतिग्रस्त कर दिया और वाहन पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगाने की कोशिश की।दरअसल फारबिसगंज थाना पुलिस को देर रात ही सूचना मिली थी कि अतिक्रमण मुक्त कराए गए जमीन की टीन से घेराबंदी को तोड़कर मो.फिरोज नामक व्यक्ति और अन्य फिर से सरकारी जमीन को अतिक्रमण करने की कोशिश कर रहा है।

सूचना पर डायल 112 की टीम रात में मौके पर गई थी,लेकिन आरोपितों ने उसे वापस लौटने को मजबूर कर दिया।जिसके बाद सोमवार को थानाध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह पुलिस अधिकारियों और बलों के साथ मौके पर पहुंचे और मामले में पूर्व में नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सूयानंद सिंह के द्वारा दर्ज कराए गए कांड के मुख्य नामजद आरोपित मो. फिरोज को गिरफ्तार करने की कोशिश की। जिस पर उसके परिवार के सदस्य भड़क उठे और उनलोगों ने मजमा बनाकर पुलिस टीम पर हमला कर दिया।

# सीयूएसबी की शोध टीम ने समान बटेर प्रजातियों में अंतर करने की विधि को किया विकसित

**टिकारी(गयाजी), 16 जून (तरुणमित्र)।** दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) के लाइफ साइंस विभाग के अध्यक्ष प्रो. राम प्रताप सिंह और सलीम अली पक्षी विज्ञान एवं प्राकृतिक इतिहास केंद्र (एसएसीओएन) के उनके पीएचडी छात्र प्रतीक डे ने कॉमन क्वेल और जापानी क्वेल के बीच अंतर करने की एक अभूतपूर्व विधि विकसित की है।ये दो पक्षी प्रजातियां इतनी समान हैं कि प्रशिक्षित पक्षी विज्ञानी भी उन्हें अलग-अलग नहीं बता पाते।

प्रतिष्ठित वैज्ञानिक पत्रिका एमडीपीआई बर्ड्स में प्रकाशित यह शोध वन्यजीव अधिकारियों को जंगली कॉमन क्वेल के अवैध व्यापार से निपटने के लिए एक शक्तिशाली नया उपकरण है, जिन्हें अक्सर कानूनी रूप से पाले गए जापानी क्वेल के रूप में गलत तरीके से उपयोग किया जाता है। सीयूएसबी के कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने इस उपलब्धि पर प्रो. आर. पी. सिंह और शोध दल को बधाई दी है।इस शोध को भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा समर्थित किया गया था, जो वन्यजीव संरक्षण चुनौतियों का समाधान करने में लक्षित वैज्ञानिक अनुसंधान के महत्व को रेखांकित करता है। सीयूएसबी के प्रो. राम प्रताप सिंह (पूर्व वरिष्ठ वैज्ञानिक, एसएसीओएन) और बेंगलुरु में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एनिमल न्यूट्रिशन एंड फिजियोलॉजी के डॉ. कोचिगंती वेंकट हनुमत शास्त्री के नेतृत्व में टीम ने एक पीसीआर-आरएफएलपी (पोलीमरेज चेन रिएक्शन-रिस्ट्रिक्शन फ्रेगमेंट लेंथ पॉलीमोरफि ज्म) तकनीक विकसित की है जो पक्षियों के डीएनए में एक विशिष्ट जीन को लक्षित करती है। शोध की देखरेख करने वाले प्रो आर पी सिंह ने बताया हमारी विधि को विशेष रूप से शक्तिशाली बनाने वाली बात इसकी सरलता और विश्वसनीयता है, बुनियादी प्रयोगशाला सुविधाओं वाले वन्यजीव अधिकारी अब अनिश्चित रूपात्मक विशेषताओं पर निर्भर रहने के बजाय कुछ ही घंटों में इन प्रजातियों की निश्चित रूप से पहचान कर सकते हैं।

## बोधगया में महिलाओं से संवाद आयोजन

**गयाजी, 16 जून (तरुणमित्र)।** बोधगया के सहदेव खाप में एकता जीविका महिला ग्राम संगठन के माध्यम से महिला संवाद का आयोजन किया गया।जिसमें स्थानीय महिलायों ने बहग लेकर अपने अनुभव साझा किये।साथ ही महिलायों द्वारा विभिन्न आकांक्षाओं को व्यक्त किया गया।सतत जीविकापार्जन योजना लाभार्थी रानी कुमारी ने कहा उनका जीवन कठनाईयों से भरा था।पति की मृत्यु के बाद काफी सघर्ष करना पड़ा।जीवन निर्धता में बीत रहा था ऐसे में योजना से मिले पूँजी से किराना दुकान से उनका जीवन बदला।पिंकी देवी एवं पछिया देवी ने भी योजना से मिले लाभ की चर्चा की।इसी प्रकार अन्य महिलाओं भी अपनी बात रखी।प्रबंधक मूल्यांकन एवं अनुश्रवण राकेश कुमार ने कार्यक्रम में भाग लेकर विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।उन्हनें महिलाओं से कहा आप बच्चियों को स्कूल जरूर भेजें।उन्हनें शिक्षत करें।योजनाओं की जानकरी रखें एवं इसका लाभ लें।प्रबंधक संचार दिनेश कुमार ने कहा कि समाज के विकास हेतु महिलाओं का विकास जरुरी है।

# बभनगामा पैक्स बिहपुर में वित्तीय अनियमितता को लेकर प्रमंडलीय आयुक्त को दिया आवेदन

**भागलपुर, 16 जून (तरूणमित्र)।** जिला अन्तर्गत बिहपुर प्रखंड अधीनस्थ बभनगामा पैक्स बिहपुर में वित्तीय अनियमितता, घोटाला और गबन की जाँच को लेकर बिहपुर विधायक ई शैलेंद्र ने प्रमंडलीय आयुक्त हिमांशु कुमार राय को एक आवेदन दिया है। सोमवार को दिए गए आवेदन में कहा गया है कि बभनगामा पैक्स के वर्तमान निर्वाचित पैक्स अध्यक्ष मो० इमदाद खाँ विगत 15 वर्षों से अध्यक्ष पद पर आसीन हैं। ये नियमित बैठक नहीं बुलाते हैं तथा तानाशाह के रूप में कार्य किया करते हैं। पैक्स अध्यक्ष द्वारा समिति के कोष का दुरूपयोग किया जाता है।

दस वर्षों से समिति का पैसा खाता में नहीं रखकर अपने पास रखते हैं। जिससे समिति को आर्थिक क्षति हो रही है। एन०सी०डी०सी० के द्वारा समिति को वर्ष 2014-15 में दो लाख रुपया खाद्य उर्वरक के लिए दिया गया था, जो अभी भी अपने पास रखे हुए हैं। समिति में एक बोरा भी खाद नहीं दिया गया। समिति



द्वारा वर्ष 1995 में 100 एम०टी० का गोदाम निर्माण कराया गया है जो कि रामजानकी मंदिर की जमीन पर बनाया गया है।

इस गोदाम का कर्ज पूर्ण बकाया है। एक भी किस्त का भुगतान नहीं हो पाया है। पैक्स अध्यक्ष द्वारा 14 लाख का दूसरा गोदाम लीज पर लेकर कर्जा थोपा गया है। समिति काली सूची में जाने वाली है। पैक्स अध्यक्ष मो० इमदाद खाँ अनाज वितरण के दौरान जबरन प्रत्येक यूनिट पर आधा किलो अनाज काट कर देते हैं। सरकार द्वारा गरीबों के उत्थान के लिए ट्रैक्टर दिये गए हैं। जिससे प्रतिदिन जोताई एवं ढोलाई का काम किया जा रहा है। सारी कमाई का पैसा अध्यक्ष स्वयं अपने पास रख लेते हैं।

पैक्स अध्यक्ष मो. इमदाद आज तक कॉपरेटिव का एक भी बैठक नहीं किये हैं और न ही आय व्यय की जानकारी देते हैं। विधायक ने उपर्युक्त तथ्यों की जाँच पड़ताल कर दोषी के विरूद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की मांग की है।

## संक्षिप्त समाचार

### नरपतगंज साहिबगंज रेलवे फाटक के पास ट्रेन से गिरा बालक,गंभीर हालत में पीएचसी में भर्ती

**अररिया 16 जून (तरूणमित्र)।** जोगबनी से सहरसा जाने वाली ट्रेन से नरपतगंज के साहिबगंज रेल फाटक संख्या 52 के पास एक बच्चा चलती ट्रेन से गिर गया। हादसे के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने सोमवार की सुबह तत्परता दिखाते हुए घायल बच्चे को नरपतगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। बच्चे ने अपना नाम नहीं बताया, लेकिन उसने अपने पिता का नाम अर्जुन मुखिया और घर का पता राम बिशनपुर हाल्ट बताया है। बच्चे की हालत गंभीर बताई जा रही है, इसलिए उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल, अररिया रेफर कर दिया गया है।फिलहाल बच्चे के परिजन का कोई पता नहीं चल पाया है।सदर अस्पताल में बच्चे का इलाज चल रहा है।

### इंटर की छात्रा ने की आत्महत्या, छानबीन में जुटी पुलिस

**भागलपुर, 16 जून (तरूणमित्र)।** जिले में बबरगंज थाना क्षेत्र के अंबाबाग मोहल्ले में इंटरमीडिएट की छात्रा 20 वर्षीय सोनी कुमारी ने फंदे से लटककर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है। परिजन के अनुसार घटना उस वक्त घटी जब घर के सोनी की मम्मी सब्जी बेचने बाहर गई थी, सोनी अपने कमरे में अकेली थी। घटना का खुलासा तब हुआ जब सोनी की भाभी किसी काम से उसके कमरे में गई। लेकिन दरवाजा अंदर से बंद था। काफी प्रयास के बाद जब दरवाजा खोला गया तो देखा कि सोनी पंखे से लटकी हुई थी। परिजन उसे तुरंत इलाज के लिए सदर अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रबंधन की सूचना पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय बबरगंज थाना को जानकारी दी गई। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

### भागलपुर जिले के गोपाल जी केले के पल्प से तैयार कर रहे प्लेट, सिंगल यूज प्लास्टिक और पेपर

**भागलपुर, 16 जून (तरूणमित्र)।** बिहार में भागलपुर जिला स्थित नवगछिया अनुमंडल के ध्रुवगंज निवासी एक युवक ने केले से अपनी पहचान बना ली है। अब उसने केले के पेड़ से ऐसी चीजें तैयार कर रहे हैं जो पीएम मोदी के मुहिम वेस्ट टू वेल्थ, वोकल फॉर लोकल सेव नेशन सेव ग्रीन जैसे मुहिम को साकार कर रहे हैं। इसके साथ ही पर्यावरण प्लास्टिक मुक्त हो, किसानों की आमदनी बढ़े इसपर कार्य कर रहे हैं। भागलपुर जिले के नवगछिया के छोटे से गांव ध्रुवगंज निवासी गोपाल जी की जिन्होंने 9 साल की उम्र में केले के पेड़ (थम्ब) से बिजली पैदा की थी। इसके बाद केले पर रिसर्च करते चले गए। अब उन्होंने केले के पल्प से प्लेट सिंगल यूज प्लास्टिक पेपर समेत कई चीजों को तैयार किया है, जो दुनिया में छा जाने वाला है। साथ ही प्लास्टिक मुक्त भारत में इसका अहम योगदान होने वाला है। नवगछिया केले की खेती के लिए जाना जाता है। किसान पेड़ से केले को काटकर उस पेड़ को फेंक देते हैं। लेकिन गोपाल जी कुछ ऐसा कर रहे हैं जिससे केले के पेड़ की भी बिक्री होगी।

### डीएम ने ससमय अतिक्रमण नहीं हटाने के कारण नाराजगी व्यक्त करते हुए निवारण कराने का निर्देश दिया

**गयाजी, 16 जून (तरुणमित्र)।** लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 द्वितीय अपील के तहत जिले के डीएम द्वारा कुल 22 मामलों की सुनवाई की गई, जिसमें कुछ मामलों का निष्पादन ऑन द स्पॉट किया गया।निरंजन कुमार यादव, थाना- सिंधुगढ़ के द्वारा सिंधु गढ़ थाना के द्वारा बिना बारांट के घर में घुसकर गाली गलौज एवं मारपीट करने के संबंध में वाद दायर किया गया था।सुनवाई के क्रम में डीएम ने डीएसपी बोधगया से जांच कराने हेतु निदेश दिया गया है।शमीम शाह, ग्राम-घटेरा, तकिया टोला, गुरारू ने लोक भूमि से अतिक्रमण मुक्त करने के संबंध में वाद दायर किया गया था।इस संबंध में डीएम ने सुनवाई करते हुए भूमि सुधार उप समाहर्ता टिकारी को जांच करते हुए प्रतिवेदन देने हेतु निदेश दिया गया।शारदा सिंह, ग्राम-जनकपुर, मानपुर के वाद में सीओ, मानपुर के द्वारा डीसीएलआर सदर के आदेश का पालन नहीं करने के संबंध में दायर किया गया था।सुनवाई के क्रम में ससमय अतिक्रमण नही हटाने के कारण डीएम ने सीओ मानपुर को कारण पृछा प्रस्तुत करने एवं ससमय अतिक्रमण नहीं हटाने के कारण नाराजगी व्यक्त करते हुए निवारण कराने का निर्देश दिए।

### जनता दरबार में डीएम द्वारा 40 आवेदकों की समस्याओं को सुना

**गयाजी, 16 जून (तरुणमित्र)।** दैनिक जनता दरबार में डीएम शशांक शुभंकर, द्वारा सोमवार को 40 लोगों के समस्याओं का निदान हेतु संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।आवेदक द्वारा बताया गया कि नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत नगर अंचल के समीप निजी जमीन में होटल का नाला का पानी को निकास किया गया है, डीएम ने नगर आयुक्त एवं सीओ नगर को जांच करते हुए उचित कार्रवाई का निर्देश दिए हैं।आवेदक ने बताया कि परिमार्जन में नाम चढ़ाने के बाद पुनः नाम दुबारा हटा दिया गया है।डीएम ने एडीएम राजस्व को अग्रेतर कार्रवाई का निर्देश दिए हैं।आवेदक ने बताया कि रैयती जमीन पर नाली निर्माण को रोकने का अनुरोध किया है, डीएम ने बीडीओ को जांच करने का निर्देश दिए हैं।आवेदक ने बताया कि उनकी निजी जमीन पर बिजली का तार गुजरने के कारण कोई घटना होने का डर लगा रहता है, बताया कि बिजली विभाग को अनेको बार आवेदन देने के बाद भी कोई कार्रवाई नही हुई है।डीएम ने बिजली विभाग के पदाधिकारियों को जांच करते हुए उचित निर्णय लेने का निर्देश दिए हैं।अन्य आवेदनों को भी संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को समस्या निदान हेतु उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### जातक फाउंडेशन के नेतृत्व में जागृति: पुलिस-युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**गया, 16 जून (तरूणमित्र)।** जातक फाउंडेशन के तत्वावधान में जागृति पुलिसझ्युवा संवाद कार्यक्रम का सफल आयोजन गेवाल बिगहा स्थित रिलायंस कॉलेज में सोमवार को किया गया।इस जन-हितकारी कार्यक्रम में एजुकेशन टाइम्स वेलफेयर ट्रस्ट और तूफान इंग्लिश ने सह-आयोजक के रूप में सक्रिय भूमिका निभाई।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं और पुलिस प्रशासन के बीच बेहतर संवाद, आपसी विश्वास एवं सहयोग को प्रोत्साहित करना और सामाजिक जागरूकता को सशक्त बनाना था।कार्यक्रम में गया प्रशासनिक विभाग के अधिकारी के साथ-साथ विधि, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सेवा क्षेत्र से जुड़े कई प्रतिष्ठित और सम्माननीय व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।इस कार्यक्रम की विशेषता रही अधिवक्ता, शिक्षक, डॉक्टर, सामाजिक कार्यकर्ता एवं युवा वर्ग की सक्रिय और संलग्न भागीदारी, जिसने इस संवाद को एक सकारात्मक सामाजिक पहल का रूप दे दिया। अधिकारियों ने युवाओं को साइबर अपराध की रोकथाम, सोशल मीडिया के सुरक्षित प्रयोग, नशा उन्मूलन, कानून की बुनियादी समझ, महिला सुरक्षा, एवं करियर परामर्श जैसे अहम विषयों पर व्याख्यान दिया।

# साप्ताहिक समीक्षा बैठक का परिणाम नजर आनी चाहिए एवं लंबित मामलों को हर हाल में शून्य करें-डीएम

**गयाजी, 16 जून (तरुणमित्र)।** जिले के डीएम शशांक शुंभकर ने समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जिला स्तरीय सभी पदाधिकारियों के साथ आपसी समन्वयन संबंधित साप्ताहिक समीक्षा बैठक किया।डीएम द्वारा जिला नीलाम पत्र वाद , जिला स्तरीय जनता दरबार में प्राप्त आवेदन, सी पी ग्राम, जनता के दरबार में मुख्यमंत्री कार्यक्रम में प्राप्त आवेदनों, सीएम डैश बोर्ड में आये मामलों का निवारण, माननीय उच्च न्यायालय में चल रहे मामलों, सूचना का अधिकार, मानवाधिकार आदि से संबंधित मामलों की बारी बारी से समीक्षा की गई।नीलाम पत्र वादों की समीक्षा के क्रम में डीएम ने सभी संबंधित अधिकारियो को इसे सर्वोच्च प्राथमिकता में रखकर तेजी से निष्पादन करने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी नीलाम पत्र पदाधिकारी बड़े राशि वाले कम से कम पाँच मामले का चयन कर उसका निष्पादन करे।

इसके अलावा सबसे पुराने मामलों का लिस्ट निकाल कर, उन मामलों को भी प्राथमिकता से निदान करे।मुख्यमंत्री जनता दरबार एवं जिला स्तरीय जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों की निष्पादन की समीक्षा के क्रम में लंबित मामलों को उचित समाधान करवाने का निर्देश दिए हैं।डीएम ने उपस्थित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि जन शिकायतों को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ समय से निष्पादन करना सुनिश्चित करें।उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि साप्ताहिक समीक्षा बैठक का परिणाम नजर आनी चाहिए एवं लंबित मामलों को हर हाल में शून्य करें।

डीएम के दैनिक जनता दरबार एवं हर शुक्रवार को आयोजित जनता दरबार मे आने वाले मामलों को संबंधित विभाग को निराकरण हेतु भेजा जा रहा है, आवेदनों को देख कर मामलों का उचित निराकरण/ समाधान करवाये, आवेदक काफी उम्मीद लगाकर आते हैं।उन्होंने कहा कि जनता दरबार में आने वाले मामलों में से 50 की संख्या में आवेदन को फिल्टर किया गया है, जिसका निराकरण अतिशीघ्र कराने हेतु संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिए हैं।डीएम ने सभी इंजीनियरिंग विभाग के अभियंताओं को निर्देश दिया है कि हर सप्ताह 02 दिन अपने कार्यालय में भी जनता दरबार लगावे एवं समय सारिणी जिला पदाधिकारी को अवगत करवाये, ताकि सोशल मीडिया और वेबसाइट के माध्यम से लोगो को जानकारी उपलब्ध करवाया जा सके।

उन्होंने कहा कि माननीय उच्च न्यायालय में लंबित मामलों को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखकर कार्य करे। इसमें थोड़ी भी शिथिलता या लापरवाही बरदाश्त नही की जाएगी। समीक्षा के क्रम में सिडब्लूजेसी एमजेसी के मामलों में समय पर शपथ पत्र दायर करवाने को कहा है। डॉ० आंबेडकर समग्र विकास अभियान की समीक्षा में डीएम ने कहा कि राज्य सरकार की महत्वपूर्ण अभियान है, इसमे 22 प्रकार की योजनाएं हैं, जिसे हर टोले के हर व्यक्ति तक लाभ पहुचाने में मदद करे।शिविर में आने वाले सभी आवेदनों को निष्पादित करे।

बताया गया कि राशन कार्ड संबंधित 19209 में से 11116 आवेदनों को निबटारा किया गया है।औपचारिक शिक्षा हेतु विद्यालय में दाखिल संबंधित 14028 में से 13731 बच्चो को नामांकन करवाया गया है, शेष बच्चो को तेजी से नामांकन करवाने का निर्देश दिए गए है।इसके पश्चात आगनवाड़ी केंद्रों में बच्चो का नामांकन, आधार कार्ड निर्माण, कुशल युवा कार्यक्रम, ई- श्रम कार्ड, आयुष्मान कार्ड निर्माण, आवास योजना का लाभ, बास भूमि/ बासगीत पर्चा, सामाजिक सुरक्षा, बुनियाद केंद्र, हर घर नल जल, मनरेगा जॉब कार्ड, बिजली कनेक्शन इत्यादि के आवेदनों के निष्पादन की समीक्षा किया गया।जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र की समीक्षा में जिला सांख्यकी पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि प्रमाण पत्र निर्गत करने में कोई देरी न करे।

बैठक में नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता राजस्व, अपर समाहर्ता आपदा, अपर समाहर्ता विभागीय जांच, विशेष कार्यक्रम, वरीय उप समाहर्ता गण, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी सहित सभी विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# तरुणमित्र
श्रम ही आधार, सिर्फ खबरों से सरोकार
मंगलवार, 17 जून 2025
विक्रम संवत्- 2082, आषाढ़ कृष्ण पक्ष- षष्ठी

## महिलाओं को आरक्षण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र की एनडीए 3.0 सरकार ने संकेत दिया है कि वह 2029 के लोकसभा चुनाव तक महिलाओं को संसद और राज्य विधानसभाओं में 33% आरक्षण देने की योजना को अमल में लाएगी। हालांकि इस ऐतिहासिक निर्णय की राह पूरी तरह से परिसीमन और आगामी जनगणना के परिणामों पर निर्भर करेगी, फिर भी ऐसा लगता है कि केंद्र सरकार 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' को समयबद्ध रूप से लागू करने की दिशा में गंभीरता से काम कर रही है। बता दें कि मोदी सरकार द्वारा सितंबर 2023 में संसद द्वारा पारित 128 वें संशोधन संविधान विधेयक के तहत 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' लागू किया गया था। इस कानून के अंतर्गत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं की कुल सीटों में से एक तिहाई यानी 33% सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित करने का प्रावधान है। लेकिन इस आरक्षण को लागू करने के लिए एक शर्त भी रखी गई है। वास्तव में यह विधेयक केवल तब लागू होगा जब अगली जनगणना के बाद परिसीमन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। भले ही केंद्र सरकार ने इस अधिनियम को 2029 में लागू करने की बात कही हो, लेकिन ये राह इतनी आसान नहीं होने वाली है। सरकार के सामने विपक्ष की अड़चन, जनगणना जैसे कई रोड़े होंगे जिसे हटाना इतना सरल नहीं हैं। डीएमके और कांग्रेस जैसी पार्टियाँ परिसीमन का विरोध, विशेषकर दक्षिण भारत के राजनीतिक प्रतिनिधित्व पर संभावित प्रभाव को लेकर कर रही हैं। एनडीए के सहयोगी उपेंद्र कुशवाहा बिहार के लिए 'जनसंख्या के अनुपात में न्यायपूर्ण सीटें' देने की माँग को विधानसभा चुनाव का मुद्दा बना चुके हैं। उधर, सरकार ने घोषणा की है कि अगली जनगणना की प्रक्रिया दो चरणों में पूरी की जाएगी और इसकी रिपोर्ट 1 मार्च 2027 तक उपलब्ध होगी। यह जनगणना डिजिटल माध्यमों यानी मोबाइल ऐप और केंद्रीयकृत पोर्टल से की जाएगी ताकि डेटा जल्द उपलब्ध हो सके। इस जनगणना में जातिगत आंकड़े भी एकत्र किए जाएंगे। यह स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार होगा। जनगणना के बाद संसद को परिसीमन अधिनियम पारित करना होगा, जिसके आधार पर एक परिसीमन आयोग गठित किया जाएगा। यह आयोग लोकसभा और विधानसभा सीटों के पुनर्निर्धारण और सीमांकन का कार्य करेगा। यह प्रक्रिया आमतौर पर दो से तीन साल का समय लेती है। जाहिर है, सरकार का संसद में महिलाओं को 33% आरक्षण के लिए इतना समय चाहिए। पर, फिर भी यह कहा जा सकता है कि 2029 तक महिलाओं को आरक्षण देने की योजना सरकार की एक महत्वाकांक्षी पहल है, लेकिन इसकी सफलता पूरी तरह से समय पर जनगणना और परिसीमन के निर्बाध क्रियान्वयन पर निर्भर करेगी। साथ ही, इसमें दक्षिणी राज्यों की राजनीतिक चिंताओं को संवेदनशीलता से संबोधित करना भी अहम होगा। यदि सरकार यह कर पाने में सफल रहती है, तो यह कदम भारतीय राजनीति में महिलाओं के प्रतिनिधित्व के लिहाज से ऐतिहासिक बदलाव साबित हो सकता है।

## मिलावट : मुंह में नहीं, जमीर में घुला जहर

**प्रियंका सौरभ**

मिलावट शब्द सुनते ही जहन में नकली दूध, पत्थर मिली मूँगफली, चायपत्ती में रंग, और मसालों में धूल की तस्वीरें दौड़ जाती हैं। पर ये तस्वीरें सिर्फ.पेट तक सीमित नहीं हैं। आज जो सबसे बड़ी मिलावट हो रही है, वह हमारी सोच, जमीर और व्यवस्था में हो रही है। बाजार में बिकने वाले हर उत्पाद के साथ-साथ हमारी संवेदनाएं, ईमानदारी और नैतिकता भी धीरे-धीरे प्रदूषित हो रही हैं। और मजे की बात देखिए– इस मिलावट को हमने इतना आम मान लिया है कि अब जब असली चीज सामने आती है, तो हमें शक होने लगता है। मूँगफली में पत्थर मिलना अब कोई आश्चर्य नहीं रहा। दाल में कंकड़, मटर में रंग, नमक में पाउडर और घी में मोम – ये सब जैसे अब जीवन के स्थायी सदस्य हो गए हैं। दुकानदारों से लेकर बड़े-बड़े ब्रांड्स तक, मुनाफे की अंधी दौड़ में सब शामिल हैं। हर कोई चाहता है कम लागत में ज्यादा मुनाफा, और इसका सबसे आसान तरीका है– मिलावट। नीयत में मिलावट, नफे में धोखा, और ग्राहक की सेहत की बलि। गांव की गलियों से लेकर शहर के शोर तक, हर ओर वही अफसोसनाक कहानी है।

अचार में पड़ी लाल मिर्च चमकती है, लेकिन असल में वह रंग ऐसा होता है जो कपड़े रंगने के लिए होता है। दूध में जो झाग है, वह डेयरी की ताजगी नहीं बल्कि डिटर्जेंट का कमाल है। और सब्ज़ियों पर जो हरियाली दिखती है, वह प्रकृति की नहीं, रसायनों की देन है। हम जो खाते हैं, वह शरीर में नहीं, धीरे-धीरे हमारी आत्मा में जहर घोल रहा है। एक समय था जब किसी के घर से दूध, घी या अनाज आता था तो उसे आंख मूंदकर स्वीकार कर लिया जाता था। आज तो रिश्तेदार की लाई हुई मिठाई को भी जांचने की जरूरत है – कहीं वह मिलावटी न हो। बाजार में 'शुद्धता' अब सिर्फ एक ब्रांडिंग टूल है, हकीकत से उसका कोई लेना-देना नहीं। '100% शुद्ध' लिख देने से चीजें शुद्ध नहीं हो जातीं, लेकिन उपभोक्ता की आंखों पर ऐसी पट्टी बंध चुकी है कि वह सोचता भी नहीं। बच्चों की टॉफियों में लेड की मात्रा, आटे में चूना, हल्दी में सिंथेटिक रंग – ये सिर्फ स्वास्थ्य के सवाल नहीं हैं, ये समाज के नैतिक पतन की निशानियाँ हैं। और अफसोस ये है कि इस मिलावट पर सिर्फ दुकानदारों या कंपनियों की जिम्मेदारी नहीं बनती, हमारे सहनशील समाज की भी बनती है जो सब कुछ जानते हुए चुप रहता है। जो 'चलता है' वाली मानसिकता में जीता है, और धीरे-धीरे मरता है। (ये लेखिका के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

### सूडोकु नवताल- 7463

★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 9 | | 6 | 1 | | 8 |
| 6 | 8 | | | | | | | |
| | 1 | 7 | 3 | 8 | | 4 | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | | 9 |
| 5 | | 1 | 8 | | | 2 | | 7 |
| 2 | | | 5 | | 1 | | 8 | 4 |
| | | 3 | | 7 | 5 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 9 | 5 |
| 7 | | 6 | 2 | | 8 | | | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7462 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 6 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |

## ईरान-इजरायल युद्ध से दुनिया के सामने नई चुनौती



ललित गर्ग

**इजरायल ने ईरान के 'परमाणु कार्यक्रम ठिकानों' पर अचानक हमला करके न सिर्फ दुनिया को चौंका दिया है बल्कि पश्चिमी एशिया के पूरे क्षेत्र को अनिश्चितता, भय, अशांति एवं संकट के भंवर में डाल दिया है।**

ईरान जवाबी कार्रवाई करते हुए इजरायल को करारा जवाब दे रहा है। जहां इस्राइल इन हमलों को अपने अस्तित्व को बचाने की कार्रवाई बता रहा है, वहीं ईरान जवाबी कार्रवाई कर शीघ्र बदला लेने की बात कर रहा है। लेकिन इन दो राष्ट्रों के संघर्ष एवं युद्ध में समूची दुनिया पीस रही है। एक और युद्ध से दुनिया में विकास का रथ थमेगा, महंगाई बढ़ेगी, तेल के दाम आसमान छूने लगेंगे, व्यापक जनहानि होगी। युद्ध कभी भी किसी के हित में नहीं होता, आखिर समझौते के लिये टेबल पर बैठना ही होता है, तो पहले ही टेबल पर क्यों न बैठा जाये?

विनाश एवं सर्वनाथ करने के बाद युद्ध विराम करना कैसे बुद्धिमत्ता है? इजरायल ने ईरान के खिलाफ अपनी कार्रवाई को ऑपरेशन राइजिंग लायन नाम दिया है, जो बताता है कि यह अपने आप में महज एक कार्रवाई नहीं बल्कि नया सिलसिला हो सकता है। हमलों का व्यापक एवं विनाशकारी रूप भी इसकी गंभीरता को स्पष्ट कर देता है। कम से कम छह राउंड में किए गए हवाई हमलों के तहत ईरान के परमाणु कार्यक्रम ठिकानों को निशाना बनाया गया। यही नहीं, ईरान के सबसे बड़े सैन्य अधिकारी इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स के चीफ हुसैन सलामी के भी मारे जाने की खबर है। ईरान ने तो जवाबी कार्रवाई का इरादा जता ही दिया है, खुद इजरायल सरकार ने भी अपने नागरिकों से अगले कुछ दिन घरों के अंदर रहने और खाने-पीने का सामान इकट्ठा कर लेने को कहा है।

इजरायली कार्रवाई के वैश्विक दुष्प्रभावों का संकेत इसी एक तथ्य से मिल जाता है कि पहले हमले के कुछ घंटों के अंदर अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें 13 प्रतिशत बढ़ गईं। दुनिया के शैयर बाजार धराशायी हो गये हैं। इसमें दो राय नहीं कि इजरायल लंबे समय से कहता रहा है कि ईरान को परमाणु हथियार विकसित करने से हर हाल में रोका जाए और जरूरी हो तो उसके लिए बल प्रयोग से भी हिचका न जाए।

उसका कहना है कि ईरान इस स्थिति में आ गया था कि कुछ दिनों के अंदर 15 परमाणु बम बना सकता था। एक भयानक संशय का वातावरण बना हुआ है। पहले रूस-यूक्रेन, इजरायल-हमाम, कुछ समय भारत-पाक और अब इजरायल-ईरान के बीच युद्ध की स्थितियां बनना विश्व युद्ध की संकटपूर्ण स्थितियों को बल दे रही है। संशय से भरा हुआ आदमी प्रेम एवं मानवीयता से खाली होता है। पारस्परिक स्नेह, सद्भाव, सौहार्द और विश्वास के अभाव में उसका संदेहशील मन सदैव युद्ध, हिंसा, सुरक्षा के साधन जुटाने में संलग्न रहता है। उसका मन कभी निर्भय नहीं होता, वृत्तियां शान्त नहीं होतीं, संग्रह उसके सुख, संतोष और शांति को सुरसा बन लील जाता है। जिसने परमाणु-शस्त्रों के निर्माण और फैलाव से विश्व को तनाव और संत्रास का वातावरण दिया, अनिश्चय और असमंजस की विकट स्थिति दी, उसने विश्व शांति के धरातल छिन लिया है। इन विनाशकारी स्थितियों में मानवीय सहृदयता, सहिष्णुता और सह-अस्तित्व की भावना को कैसे अक्षुण्ण रखा जा सकता है? अभय का वातावरण, शुभ की कामना और मंगल का फैलाव कर तीसरी दुनिया को विकास के समुचित अवसर और साधन देने की संभावनाएं कैसे बलशाली बन सकती है? मनुष्य के भयभीत मन को युद्ध की विभीषिका से मुक्ति देना वर्तमान की बड़ी जरूरत है। क्योंकि वर्तमान युद्ध की जटिल से जटिलतर होती परिस्थितियों को देखें तो यह पश्चिम एशिया से लेकर दक्षिण एशिया और समग्र वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए बहुत खतरनाक समय है। यदि अन्य देश भी इस संघर्ष में खेमेबाजी का शिकार होकर जुड़ते गए तो यह खतरा कई गुना बढ़ जाएगा। अच्छी बात यही है कि अभी तक तो ऐसा कुछ नहीं हुआ है। भारत के लिए बेहतर यही होगा कि शांति एवं कूटनीतिक विकल्पों की वकालत करता रहे, लेकिन उसे खुद भी किसी भी प्रकार की स्थितियों के लिए तैयार रहना होगा। दुनिया में पहले से ही काफी उथल पुथल मची हुई है। अरब देश संघर्ष लंबा खिंचने पर क्या रूख अख्तियार करते हैं। मुस्लिम देशों की जनता में यह सोच पहले से है कि यहूदी सरकार मुस्लिमों पर अत्याचार कर रही है। ऐसे में उनके लिए भी अपनी जनता की भावनाओं को नियंत्रित करना आसान नहीं होगा। वहीं इजरायल के सामने भी एक बड़ी चुनौती है कि अगर उसने संघर्ष शुरू किया है तो वह ईरान के खतरे को हमेशा के लिए खत्म करे। ऐसे में इजरायल का सैन्य अभियान लंबा चल सकता है। वह लक्ष्य हासिल होने तक युद्ध को जारी रख सकता है। इसके लिए ईरान की सत्ता में बदलाव या राजनीतिक नेतृत्व को खत्म करना होगा। यहां अमेरिका का समर्थन अहम होगा। बेहतर होगा दुनिया को भारी नुकसान से बचाने के लिये पूतिन एवं ट्रंप युद्ध की आग बुझाने की कोशिश करें। उनका आपस का दोस्ताना संवाद फिलहाल दुनिया के लिये अकेली उम्मीद की किरण है, हालांकि यूरोपीय संघ को और विशेषतः चीन कुछ हद तक यह अच्छा नहीं लगेगा। लेकिन युद्ध के अंधेरों एवं शांति के उजालों के लिये यही एक रास्ता है।

ईरान पर इजरायल के हमले ने पहले से युद्धरत एवं अस्थिर दुनिया को अधिक वैश्विक संघर्ष की ओर ढकेल दिया है। ईरान भी अपनी पूरी क्षमता के साथ इजरायल पर मिसाइलों से हमला कर रहा है। उधर, इजरायल इस बात पर अड़ा है कि जब तक वह ईरान की परमाणु बम बनाने की क्षमता और मिसाइलों के जखीरे को खत्म नहीं कर देता है तब तक हमले जारी रहेंगे। अगर यह संघर्ष लंबा खिंचता है तो सिर्फ दो देशों तक सीमित नहीं रहेगा। आगे चलकर इसमें अमेरिका, चीन और रूस जैसी बड़ी शक्तियां शामिल हो सकती हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध से दुनिया पहले ही दो खेमों में बंटी दिख रही है।

ईरान ऐसी जगह पर हैं, जहां से वह बहुत सीमित संसाधनों के साथ समुद्र से होने वाले वैश्विक व्यापार को बाधित कर सकता है। इससे ग्लोबल सप्लाई चेन चरमरा सकती है, विश्व व्यापार ठप्प हो सकता है और विश्व में तेल आपूर्ति का संकट पैदा हो सकता है। इजरायल ईरान को अपने अस्तित्व के लिए खतरा मानता है। खासकर उसे लगता है कि अगर ईरान ने परमाणु बम बना लिया तो उसके लिए बहुत बड़ा खतरा पैदा हो जाएगा। यह खतरा इजरायल के साथ अन्य देशों के लिये भी होगा। इसलिए इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू कह रहे हैं कि हम ईरान को परमाणु बम नहीं बनाने देंगे।

जो आपरेशन शुरू किया है, उसे लक्ष्य हासिल होने तक जारी रखेंगे। ईरान का परमाणु शक्ति बनना एक बड़ा खतरा है, इस बड़े खतरे को समाप्त करना ही ऑपरेशन राइजिंग लायन का लक्ष्य है। इसी समय अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का आना भी इजरायल के बेहतर मौका लेकर आया और यहां अमेरिका का समर्थन अहम हो गया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया हैंडल के जरिये कहा है कि ईरान ने परमाणु कार्यक्रम पर समझौते के लिये अंतर्राष्ट्रीय प्रस्ताव को बार-बार खारिज किया है। बहरहाल, इस घटनाक्रम से मध्यपूर्व में इजरायल-ईरान के बीच सीधे युद्ध की आशंका बढ़ गई है। कहा जा रहा है कि इजरायल और हमास, हिजबुल्ला व हूती विद्रोहियों के बीच पहले से जारी संघर्ष से संवेदनशील बने इलाके में पूर्ण युद्ध की आशंका बढ़ गई है।

इजरायल और ईरान के बीच सैन्य तनाव बढ़ने से वैश्विक कच्चे तेल की कीमतें तेजी से बढ़ी हैं, तेल की कीमतें बढ़ती हैं तो इसके जटिल परिणाम सामने आते हैं और सभी जीवन-निर्वाह की चीजों के दाम बढ़ जाते हैं। जिससे भारतीय रूपया कमजोर होने, मुद्रास्फीति बढ़ने और देश की वित्तीय स्थिति पर दबाव पड़ने का खतरा भी है। भारत अपनी जरूरतों का 80 प्रतिशत से अधिक कच्चा तेल आयात करता है, ऐसी घटनाओं का महंगाई से लेकर व्यापार संतुलन, रोजगार से लेकर जीवन-निर्वाह तक के महत्वपूर्ण संकेतकों पर बड़ा प्रभाव पड़ता है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

## साल दर साल बढ़ता ही जा रहा है बंजरपन का रकबा



बाल मुकुन्द ओझा

मरुस्थलीकरण और सूखे का मुकाबला करने के लिए संयुक्त राष्ट्र हर साल 17 जून को विश्व दिवस मनाता है। इस वर्ष इस दिवस की थीम भूमि को पुनःस्थापित करें और अवसरों को खोलें रखी गई है। इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य भूमि को मरुस्थल होने से रोकने के लिए जागरूक किया जाता है। भूमि के बंजर होने की समस्या ने आज दुनिया के सामने एक बड़ी चुनौती पैदा कर दी है। भारत की बात करें तो यहां उपजाऊ भूमि के बंजर होने का खतरा निरंतर बढ़ता ही जा रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार दुनिया में मात्र 11 प्रतिशत जमीन ही उपजाऊ है। मरुस्थलीकरण का क्षेत्रफल बढ़ता जा रहा है। भारत की कुल भूमि का लगभग 30 प्रतिशत हिस्सा मरुस्थलीकरण और भूमि क्षरण से प्रभावित है। भारत में कुल 32 करोड़ 90 लाख हेक्टेयर जमीन में से 12 करोड़ 95 लाख 70 हजार हेक्टेयर भूमि बंजर बताई जा रही है।

बंजरपन का रकबा साल दर साल बढ़ता ही जा रहा है जिसे सख्ती से रोका नहीं गया तो देश में अनाज का संकट खड़ा हो सकता है। जलवायु परिवर्तन सहित सूखा, बाढ़, जहरीले कीटनाशकों के तेजी से इस्तेमाल, वनों की कटाई, अधिक चराई, खराब सिंचाई और अत्यधिक जल दोहन के कारण भू-जल स्तर में निरंतर गिरावट आने से उपजाऊ धरती मरुस्थल का रूप धारण करती जा रही है। विश्व के समक्ष यह एक बड़ी समस्या है जो दिन प्रतिदिन गहराती जा रही है। हमारे लाख प्रयासों के बावजूद मरुस्थल का फैलाव रोका नहीं जा सका है।

इस समस्या की जड़ में एक वजह मानवजनित कारणों को बताया जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार दुनिया हर साल 24 अरब टन उपजाऊ भूमि खो देती है। भूमि की गुणवत्ता खराब होने से राष्ट्रीय घरेलू उत्पाद में हर साल आठ प्रतिशत तक की गिरावट आ सकती है। भूमि क्षरण और उसके दुष्प्रभावों से मानवता पर मंडराते जलवायु संकट के और गहराने की आशंका है। मरुस्थलीकरण, भूमि क्षरण और सूखा बड़े खतरे हैं जिनसे दुनिया भर में लाखों लोग, विशेषकर महिलाएं और बच्चे, प्रभावित हो रहे हैं। इससे निपटने के लिए वैश्विक प्रयासों की महती जरुरत है। मरुस्थल या रेगिस्तान ऐसे भौगोलिक क्षेत्रों को कहा जाता है जहां जलपात वर्षा तथा हिमपात का योग अन्य क्षेत्रों की अपेक्षा काफी कम होती है। मरुस्थलीकरण की परिभाषा के अनुसार यह जमीन के खराब होकर अनुपजाऊ हो जाने की ऐसी प्रक्रिया है जिसमें जलवायु परिवर्तन तथा मानवीय गतिविधियों समेत अन्य कई कारणों से शुष्क, अर्द्ध-शुष्क और निर्जल अर्ध-नम इलाकों की जमीन रेगिस्तान में बदल जाती है।

इससे जमीन की उत्पादन क्षमता में कमी और ह्रास होता है। एशियाई देशों में मरुस्थलीकरण पर्यावरण सम्बन्धी एक प्रमुख समस्या है। मरुस्थलीकरण शुष्कए अर्द्ध शुष्क और शुष्क उप-आर्द्र जैसे विभिन्न क्षेत्रों में भूमि का क्षरण है। मुख्य रूप सेए यह मानवीय गतिविधियों और फिर जलवायु परिवर्तन के कारण होता है। इसका मतलब मौजूदा रेगिस्तानों का विस्तार नहीं है, बल्कि यह शुष्क भूमि पारिस्थितिक तंत्र, वनों की कटाई, अधिक चराई, खराब सिंचाई कार्य प्रणाली आदि के कारण होता है जो भूमि की उत्पादकता को प्रभावित करता है।

स्पेस एप्लीकेशंस सेंटर 'एसएसी' द्वारा मरुस्थलीकरण और भूमि की गुणवत्ता के गिरते स्तर पर बनाये देश के पहले एटलस के अनुसार भारत के कुल भौगोलिक क्षेत्र का तकरीबन 30 फीसदी हिस्सा मरुस्थल में तब्दील हो चुका है। इसके अलावा देश के 69 फीसदी हिस्से को शुष्क क्षेत्र के तौर पर वर्गीकृत किया गया है। देश के सामने उपजाऊ भूमि के क्षरण का यह एक बड़ा खतरा है जिसे रोकने के लिए सामूहिक प्रयासों की महती जरुरत है। देश में बढ़ रहे मरुस्थलीकरण के आंकड़े बेहद चौंकाने वाले है। बंजरपन बढ़ रहा है और साथ ही मिट्टी का कटाव भी बढ़ रहा है। देश का 30 प्रतिशत भौगोलिक क्षेत्र मरुस्थलीकरण की चपेट में है। तीन मिलियन हेक्टेयर अतिरिक्त भूमि पिछले 15 वर्षों में खराब हुई है। देश में प्रति मिनट 23 हेक्टेयर शुष्क भूमि सूखे और मरुस्थलीकरण की चपेट में आ जाती है जिसकी वजह से 20 मिलियन टन अनाज का संभावित उत्पादन प्रभावित होता है। देश का 70 प्रतिशत भौगोलिक क्षेत्र शुष्क भूमि के रूप में है जबकि 30 प्रतिशत जमीन भूक्षरण और 30 प्रतिशत भूमि मरुस्थलीकरण की प्रक्रिया से गुजरती है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

## देवभूमि : धार्मिक यात्रा में बढ़ती हवाई दुर्घटनाएं

**प्रभुनाथ शुक्ल**

भारत धर्म और आस्था का देश है, लेकिन यहाँ धार्मिक यात्राएं सुरक्षित नहीं हैं। जब चारधाम जैसी यात्रा भी सुरक्षित नहीं है तो दूसरे की बात छोड़िए। धार्मिक स्थलों पर आए दिन श्रद्धालुओं के मरने की घटनाएं होती रहती हैं। उत्तराखंड में आए दिन हेलीकॉप्टर दुर्घटनाएं सुर्खियों में हैं। मई और जून में अब तक पांच दुर्घटनाएं सिस्टम को हिलाकर रख दिया है। हादसों में चालक दल के साथ 14 लोग मारे जा चुके हैं। पवित्र चारधाम यात्रा के दौरान यह आम बात हो गई है।

जून 2009 से जून 2025 तक 15 हेलीकॉप्टर क्रैश की घटनाएं हो चुकी हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबित 16 साल में इस तरह की दुर्घटनाओं में 45 लोगों की मौत हुई है। रविवार 15 जून को गौरीकुंड के पास एक हेलीकॉप्टर की दुर्घटना में पायलट सहित 7 लोग मारे गए। चार धामयात्रा प्रबंधन ने इसके पूर्व हुई दुर्घटनाओं से सबक नहीं लिया।

17 मई को केदारनाथ में एम्स ऋषिकेश की एक हेली एम्बुलेंस की इमरजेंसी लैंडिंग हुई जिसमें हेलीकॉप्टर का पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।

एक अन्य रिपोर्ट के मुताबित 12 वर्षों में केदारनाथ में कुल 14 हेलीकॉप्टर दुर्घटनाएं हुई हैं, जिनमें 33 लोगों की मौत हुई। धार्मिक यात्रा के दौरान बढ़ता जोखिम हमारी व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर रहा है। नागरिक और उड्डयन मंत्रालय को इस तरह के हादसों पर गंभीर कदम उठाने की आवश्यकता है। निजी एविएशन कंपनियों पर नकेल कसने की जरूरत है। धार्मिक स्थलों पर बढ़ते हादसे हमारे विश्वास और आस्था पर चोट पहुँचाते हैं। उत्तराखंड में चारधाम यात्रा के दौरान बढ़ते हेलीकॉप्टर हादसे को देखते हुए मुख्यमंत्री धामी ने उड़ानों पर प्रतिबंध लगा दिया है। निश्चित रूप से राज्य सरकार का यह उचित फैसला। भारत सरकार के डीजीसीए ने अगले आदेश तक हेलीकॉप्टर की सभी उड़ानों पर रोक लगा दिया है। लेकिन सिर्फ रोक से काम नहीं चलेगा सम्बंधित घटनाओं की जाँच होनी चाहिए। सवाल उठता है किस तकनीकी गड़बड़ियों की वजह से हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। किस स्तर पर लापरवाही बरती जा रही है। निर्दोष यात्रियों की जान को जोखिम में क्यों डाला जा रहा है। पैसा कमाने की होड़ में श्रद्धालुओं को मौत के मुंह में क्यों धकेला जा रहा है। सभी बिंदुओं पर गहराई से जांच पड़ताल की जानी चाहिए। हेलीकॉप्टर दुर्घटनाओं को लेकर जिस तरह की लापरवाही देखने को मिली है वह हमारी व्यवस्था पर सबसे बड़ा सवाल है।

15 जून रविवार को हुए हेलीकॉप्टर क्रैश में मीडिया रिपोर्ट में यह तथ्य सामने आए हैं कि खराब मौसम के बाद भी निर्दोष श्रद्धालुओं की जान को जोखिम में डालकर हेलीकॉप्टर को उड़ाने के अनुमति दी गई।

हालांकि यह जाँच का विषय है, लेकिन सवाल उठता है कि जब मौसम खराब था फिर हेलीकॉप्टर को उड़ाने की अनुमति किसने दी। जबकि मौसम की गड़बड़ी की वजह से उड़ानों को निलंबित रखा जाता है। इस मामले की निष्पक्ष रूप से जांच होनी चाहिए और निर्दोष लोगों की जान से खेलने वाले जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

हम आस्था को लेकर अधिक भीरू हैं। जिसका खामियाजा हमें भुगतना पड़ता है। धार्मिक स्थलों पर भीड़ तो जरूर से ज्यादा जुटा ली जाती है, लेकिन उसके प्रबंधन के लिए कोई ठोस व्यवस्था नहीं की जाती है। आए दिन धार्मिक स्थलों पर मौत की खबरें सुर्खियां बनती हैं। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ में सबसे बेहतरीन व्यवस्था का दावा किया गया था, लेकिन भीड़ प्रबंधन में लापरवाही की वजह से बड़ा हादसा हो गया।

मंदिरों और सत्संग जैसे स्थलों पर आवश्यकता से अधिक भीड़ जुटा ली जाती है, लेकिन उसके नियंत्रण के लिए कोई व्यवस्था नहीं की जाती है। थके-हारे लोग किसी चमत्कार में पड़कर भगदड़ के शिकार हो जाते हैं। लेकिन हम घटनाओं के बाद सबक लेना नहीं चाहते। अपना प्रभुत्व दिखाने के लिए हम भीड़ अधिक से अधिक जमा कर लेते हैं, लेकिन उसके नियंत्रण के लिए हमारे पास कोई संसाधन उपलब्ध नहीं होते हैं। इसका नतीजा होता है कि भगदड़ या दूसरी स्थिति में काफी संख्या में लोग मारे जाते हैं।

उत्तराखंड में चल रही चारधाम यात्रा में देश भर से लाखों लोग पहुंचते हैं। उत्तराखंड को देवभूमि कहा जाता है। यहाँ की प्राकृतिक सुंदरता अतुलनीय है। दुर्गम पहाड़ियों की चढ़ाई से होते हुए लोग बद्रीनाथ केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री पहुँचते हैं। वहां की प्राकृतिक स्थिति बेहद जटिल है। तीर्थयात्रा के दौरान बुजुर्ग और बच्चों के साथ अस्वस्थ श्रद्धालुओं को चढ़ाई पर कठिन चुनौतियों से गुजरना पड़ता है।

क्योंकि, पहाड़ों की कठिन चढ़ाई चढ़ने के बाद ही पवित्र मंदिरों तक पहुंचा सकता है। चढ़ाई दुर्मगम और कठिन होने से घोड़े, खच्चर या हेलीकॉप्टर की सुविधा लेनी पड़ती है। उत्तराखंड पहाडों का राज्य है यहाँ हम जितनी ऊंचाई पर जाते हैं ऑक्सीजन लेवल कम होता जाता है। कई लोगों की यात्रा के दौरान मौत भी हो जाती है। ऑक्सीजन की कमी से भी जूझना पड़ता है। जरूरत पड़ने पर ऑक्सीजन की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है।


लेकिन चारधाम की पूरी यात्रा जोखिम भरी होती है। जो लोग पैदल यात्रा पूरी नहीं कर सकते वे घोड़े, खच्चर या हेलीकॉप्टर की सुविधा लेते हैं। हेलीकॉप्टर जैसे महंगी सुविधा सभी यात्रियों के लिए उपलब्ध नहीं है। क्योंकि आम श्रद्धालुओं के लिए यह सस्ती और सुलभ नहीं है।

उत्तराखंड में चारधाम यात्रा के दौरान दुर्गम पहाड़ी इलाकों और मौसम की खराबी सबसे बड़ी समस्या बनती है। जिसकी वजह से आए दिन हेलीकॉप्टर क्रैश की दुर्घटनाएं होती रहती है। उड़ान को निर्देशित करने के लिए कोई एयर ट्रैफिक कण्ट्रोल की सुविधा उपलब्ध नहीं है। दूसरी तरफ हेलीकाप्टर में सिंगल इंजन होते हैं। उड़ान के दौरान कोई रडार सिस्टम नहीं होता है। कभी उड़ान भरने के बाद अचानक मौसम बिगड़ जाता है जिसकी वजह से उड़ान में दिक्कत हो जाती है। दुर्गम और सकरी घाटियों के साथ ऊँचे-ऊँचे वृक्ष।

मौसम खराब होने की स्थिति में लैंडिंग की कोई जगह नहीं होती है, जहाँ विषम स्थिति में हेलीकॉप्टर को उतार दिया जाय। इसके अलावा हर उड़ान के समय तकनीकी जाँच होनी चाहिए, पता नहीं ऐसा होता भी रहा या नहीं। फिलहाल उड़ान पर प्रतिबन्ध लगाकर धामी सरकार ने उचित निर्णय लिया है। उड़ान भरने वाली सभी निजी कंपनियों की जाँच होनी चाहिए। हेलीकॉप्टर हादसों के लिए जिम्मेदार लोगों की जबाबदेही तय होनी चाहिए। धार्मिक यात्रा को सुरक्षित बनाने के लिए हर संभव कदम उठाए जाने चाहिए।

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

## आज का राशिफल



**मेष** : मित्तव्ययता रखें क्योंकि रुपये-पैसों की सुविधा आगे मिले न मिले। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा।

**वृष** : निकटस्थ व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे।

**मिथुन** : कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**कर्क** : ज्ञानीजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। आध्यात्मिक वातावरण बनेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ सांझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। यात्रा का योग बन रहा है।

**सिंह** : विवादों व मुकदमे बाजी से राहत मिलेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा।

**कन्या** : भावनाओं में न बहें, सावधान रहें। रुका हुआ धन प्राप्त होगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा।

**तुला** : शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है।

**वृश्चिक** : कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। मातृ पक्ष से विशेष लाभ।

**धनु** : मुंह मांगी मुराद मिलेगी यानि इच्छित फल की प्राप्ति होगी। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे।

**मकर** : स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। बचते-बचते कलह विवाद का डर बना रहेगा।

**कुम्भ** : अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**मीन** : नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। संतान पक्ष से चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है।

पं0 सुभाष पाण्डेय: हस्तरेखा विशेषज्ञ, मो. 8808052918

# मानदेय वृद्धि सहित अन्य मांगों को लेकर आवास कर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर : शास्त्री

**पत्रकार नगर,खगड़िया,16 जून (तरूणमित्र)।** राज्य ग्रामीण आवास कर्मी संघ, समग्र बिहार की खगड़िया जिला इकाई के सभी आवास कर्मी आज 16 जून से राज्यव्यापी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जा रहे हैं। मानदेय वृद्धि, दंडात्मक कार्रवाइयों और सेवा मुक्ति के मामलों को लेकर राज्य ग्रामीण आवास कर्मी संघ ने यह फैसला लिया है।संघ के जिला अध्यक्ष आचार्य राकेश पासवान शास्त्री ने बताया कि विभाग की मनमानी और बिहार मानवाधिकार आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों की अनदेखी से कर्मियों में व्यापक रोष है। संघ द्वारा जारी संयुक्त प्रेस बयान में जिला संयोजक संतोष आर्या, जिला उपाध्यक्ष अभिषेक कुमार, सचिव मधुसूदन कुमार, कोषाध्यक्ष आकाश कुमार, राजेश कुमार एवं चंदन कुमार ने भी आंदोलन का समर्थन करते हुए कहा है कि लगातार शिकायतों और मांगों के बावजूद सरकार और विभाग ने कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया। जिला अध्यक्ष राकेश शास्त्री ने आरोप लगाया कि विभाग द्वारा आवास कर्मियों के खिलाफ बिना



जांच के सेवा समाप्ति और एफआईआर दर्ज की जा रही है। कई मामलों में तो बिना स्पष्टीकरण पूछे या निष्पक्ष जांच के ही संविदा समाप्त कर दी गई है, जिससे आवास कर्मियों की पारिवारिक और मानसिक स्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। संयोजक संतोष आर्या तथा कुमारी कोमल ने कहा कि आवास कर्मियों को स्थानीय जनप्रतिनिधियों, दबंगों और बिचौलियों के दुर्व्यवहार व हिंसा का भी सामना करना पड़ रहा है। ऐसे असुरक्षित माहौल में कार्य करना अत्यंत कठिन हो गया है। श्री शास्त्री ने यह भी कहा कि बिहार मानवाधिकार आयोग, पटना ने चार साल पहले ही आवास कर्मियों के मानदेय में वृद्धि का आदेश दिया था, लेकिन आज तक उस पर विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की है।

वर्तमान में मिल रहे अल्प मानदेय में जीवन यापन संभव नहीं है।संघ ने स्पष्ट किया है कि यदि विभाग और सरकार समय रहते इन मुद्दों पर ठोस निर्णय नहीं लेते हैं, तो सरकारी योजनाओं में आने वाली बाधा की जिम्मेदारी स्वयं सरकार और विभाग की होगी। संघ ने पूर्व सूचना देकर सरकार को स्थिति की गंभीरता से अवगत करा दिया है।

# बस से हथियार के साथ कुख्यात अपराधी गिरफ्तार

**मेहसी/ मोतिहारी,16 जून (तरूणमित्र)।** एनएच-27 पर स्थित मेहसी ओवरब्रिज के निकट पुलिस ने सोमवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए एक बस में छापेमारी कर एक अवैध कार्बाइन, दो मैगजीन और तीन जिंदा कारतूस के साथ एक कुख्यात अपराधी को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर चकिया अनुमंडल पुलिस अधिकारी संतोष कुमार के नेतृत्व में मेहसी पुलिस, एसटीएफ और जिला सशस्त्र बल की संयुक्त टीम द्वारा की गई।

पुलिस को विश्वसनीय सूत्रों से सूचना मिली थी कि एक कुख्यात अपराधी मुजफ्फरपुर से मोतिहारी की ओर अवैध हथियार लेकर बस से जा रहा है। इस सूचना के आधार पर एनएच-27 पर स्थित मंझन छपरा के सामने अलोक लाइन होटल के पास बसंत के.टी. बस को रोक कर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान एक संदिग्ध यात्री के काले रंग के बैग से एक कार्बाइन, दो मैगजीन, तीन जिंदा कारतूस और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया।

गिरफ्तार अपराधी की पहचान रेजा अहमद उर्फ किट्टू उर्फ संजर अली (उम्र लगभग 40 वर्ष) के रूप में की गई है। वह मूलतः ग्राम ताजपुर, थाना ताजपुर, जिला समस्तीपुर का रहने वाला है, जबकि वर्तमान में नागदह, थाना सिंघौल, जिला बेगूसराय में रह रहा है।

पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि वह हथियार बेगूसराय से लेकर मुजफ्फरपुर के रास्ते मोतिहारी ले जा रहा था, जहां संभवतः किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना थी।

पुलिस ने रेजा अहमद के विरुद्ध मेहसी थाना कांड संख्या 146/25, दिनांक 16.06.2025, धारा 25(1-) अ / 26 / 35 आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। उसे हिरासत में लेकर गहन पूछताछ की जा रही है।अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अपराधी के आपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है और उससे मिली जानकारियों के आधार पर घटना में संलिप्त अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु लगातार छापेमारी की जा रही है।

छापेमारी दल में शामिल अधिकारी इस छापेमारी अभियान में निम्नलिखित पुलिस अधिकारियों और जवानों की सराहनीय भूमिका रही।

# डीएम व एसपी ने ईवीएम–वीवीपैट वेयरहाउस का किया निरीक्षण

**मोतिहारी, 16 जून (तरूणमित्र)।** राजनैतिक दलों के जिला प्रतिनिधियों के साथ जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक पूर्वी चंपारण के द्वारा समाहरणालय पूर्वी चंपारण मोतिहारी के परिसर में अवस्थित ईवीएम वीवीपैट वेयरहाउस का संयुक्त रूप से आंतरिक निरीक्षण किया गया। भारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त गाइडलाइन के अनुसार प्रत्येक तीन माह म वेयरहाउस का आंतरिक निरीक्षण किया जाता है। निरीक्षण के दौरान वेयरहाउस की सुरक्षा की जानकारी ली गई एवं वहां प्रतिनियुक्त सुरक्षाकर्मियों को पूरी सतर्कता के साथ निगरानी/देखरेख करने का



निर्देश दिया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि इसमें कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी के द्वारा पूरे परिसर को स्वच्छ रखने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर उप निर्वाचन पदाधिकारी, पूर्वी चंपारण भी उपस्थित थे।

# पुलिस ने शराब कारोबारी सहित छः लोगों को किया गिरफ्तार

**सुगौली,पू.चः,16 जून (तरूणमित्र)।** स्थानीय थाना की पुलिस ने विशेष समकालीन अभियान चला शराब कारोबारी और पिययकड़ों सहित छः लोगों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष अनीश कुमार सिंह ने इस संबंध में बताया कि उन्हें शराब ले जाने की गुप्त सूचना मिली।

जिसके आधार पर पुलिस अधिकारी की अलग-अलग टीम बना कर भेजा गया।पुलिस ने जांच के दौरान थाना क्षेत्र के धरमपुर लोहिया पुल के समीप छापेमारी कर तीस लीटर देशी शराब व बाइक के साथ थाना क्षेत्र के उत्तरी छपरा बहास पंचायत के मेहवा निवासी अमीरी सहनी और



विसलाल सहनी को गिरफ्तार किया है।

वहींपूर्व कांड में बढ़ेया से पुलिस ने रजनीश कुमार को धर दबोचा। वही शराब पीने के मामलों में थाना क्षेत्र के बंगरा निवासी बिपिन शर्मा,छोटा बंगरा निवासी मुस्तकीम मिया व श्रीपुर भटवलिया निवासी बिनोद साह को छपवा चौक से गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि कुल छः लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

इस बाबत थानाध्यक्ष ने बताया कि शराब कारोबारी,वारंटी एवं अन्य आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त लोगों को हर हाल में पकड़ कर जेल भेजा जायेगा।

# कार्यपालक पदाधिकारी व पाषर्द विवाद पर अपर सचिव ने मांगा स्पष्टीकरण

**सुगौली, पू.च, 16 जून (तरूणमित्र)।** नगर पंचायत पूर्व कार्यपालक पदाधिकारी व मुख्य पार्षद के बीच हुए विवाद को लेकर सरकार के अवर सचिव राजेश्वर राज ने मुख्य पार्षद से स्पष्टीकरण की मांग की है। दिए गए पत्र में बताया गया है कि दिनांक 14 सितंबर 2023 को सशक्त स्थायी समिति की बैठक में रोशन कुमार तत्कालीन कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, सुगौली द्वारा आपके विरूद्ध लगाये गये आरोप एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा आपके विरूद्ध प्राप्त परिवाद की जाँच हेतु विभाग स्तर से एक त्रिसदस्यीय समिति गठित की गई। उक्त समिति द्वारा दिनांक 14 दिसंबर 2024 को नगर पंचायत, सुगौली के कार्यालय का स्थलीय निरीक्षण करते हुए रोशन कुमार सहित कई अन्य जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों, कर्मियों एवं आपका पक्ष लिए जाने के उपरांत विभाग को प्रतिवेदन समर्पित किया गया। विभागीय जाँच समिति द्वारा दिनांक 14 सितंबर 2023 की घटनाक्रम में आपके द्वारा रोशन कुमार तत्कालीन कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, सुगौली के साथ मार-पीट की घटना की पुष्टि करते हुए बिहार नगरपालिका अधिनियम, 2007 की धारा 25 (4) के आलोक में अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की अनुशंसा की गयी है।अतएव उक्त आलोक में एक पक्ष के अन्दर अपना स्पष्टीकरण विभाग को समर्पित करना सुनिश्चित करे कि क्यों नहीं नगर पंचायत, सुगौली के मुख्य पार्षद के रूप में कर्तव्यों के निर्वहन में दुराचार के लिए बिहार नगरपालिका अधिनियम, 2007 की धारा 25 (4) के आलोक में आपके विरूद्ध नगर पंचायत, सुगौली के मुख्य पार्षद पद से हटाने की कार्रवाई की जाय।

# महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन

**मोतिहारी, 16 जून (तरूणमित्र)।** सोमवार को पूर्वी चंपारण जिला के सभी प्रखंडों में 28 महिला संवाद रथ के माध्यम से 56 ग्राम संगठनों में महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया । अब तक जिले के सभी प्रखंडों के विभिन्न पंचायतों में कुल 3276 ग्राम संगठनो के माध्यम से महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जा चुका है जिसमे 6 लाख 30 हजार से ज्यादा महिलाओं में हिस्सा लिया। यह कार्यक्रम 18 जुन 2025 तक संचालित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान सभी ग्राम संगठनों में महिला संवाद रथ के माध्यम से बिहार सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को वीडियो और लीफलेट के माध्यम से दिखाया गया। 45 मिनट के इस वीडियो के माध्यम से आरक्षण के तहत सरकारी योजनाओं, साईकिल ,



पोषाक योजना, जीविका , लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान आदि के बारे में सरकार द्वारा किये जा रहे कार्य के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम के दौरान लीफलेट के माध्यम से महिलाओं को योजनाओं के बारे में बताया गया। इसके साथ ही संवाद में शामिल महिलाओं को मुख्यमंत्री बिहार नीतीश कुमार के संदेश पत्र को दिया गया। इस अवसर पर बहुत सारी महिलाएं जिन्हें बिहार सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से लाभ मिला है या जिन्होंने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से लाभ प्राप्त कर अपने जीवन को बेहतर बनाया है, उन लोगों ने अपने अपने अनुभव साझा किए । आज के महिला संवाद कार्यक्रम में लगभग 10 हजार से अधिक महिलाओं ने भाग लिया।

बिहार सरकार द्वारा संचालित इस महिला संवाद कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में राज्य सरकार द्वारा किये जा रहे कार्यों से अवगत कराना है । साथ ही महिलाओं की सरकार से अपेक्षा एवं सार्वजनिक हित में उनकी सुझावो की जानकारी प्राप्त करना है। कार्यक्रम के दौरान शामिल महिलाओं से उनके क्षेत्र के 30 आकांक्षाओं को प्रपत्र के माध्यम से लिया गया। जिसमें स्थानीय आकांक्षा के साथ नीतिगत आकांक्षाओं को भी प्रतिवेदित करवाया जा रहा है । साथ ही टक्र पर उन आकांक्षाओं को दस्तावेजीकरण किया गया।

# जदयू एमएलए के भांजे का मुख्य हत्यारोपी गिरफ्तार,पुलिस कप्तान राकेश ने किया खुलासा

**पत्रकार नगर,खगड़िया,16 जून (तरूणमित्र)।** जिले के चौथम थाना क्षेत्र के कैथी गांव में 9 अप्रैल को जदयू विधायक पन्ना लाल पटेल के भांजे व जेडीयू नेता कौशल सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी. जेएनए के अनुसार पुलिस ने एक महिला समेत तीन आरोपी को गिरफ्तार किया है.जेडीयू विधायक के भांजे की हत्या मामले का खुलासा करते हुए पुलिस कप्तान राकेश कुमार ने प्रेस वार्ता में बताया कि दो हत्यारोपी आशीष और रितेश को लखीसराय से गिरफ्तार किया है. दोनों हत्यारोपी अपने रिश्तेदार के यहां रह रहे थे, जिसकी गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तारी की गई. मीडियाकर्मियों को पुलिस कप्तान ने बताया कौशल सिंह के हत्या मामले में मृतक के भतीजे पर ही हत्या का आरोप लगा था, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. तथा प्राथमिकी में दर्ज हत्यारोपियों की जल्द गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है.बोले,पुलिस ने मामले में आठ नामजद आरोपियों में से तीन को गिरफ्तार कर लिया है.।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान चौथम थाना क्षेत्र के मेदनीनगर निवासी बिजल सिंह की पत्नी राजकुमारी देवी और पुत्र आशीष कुमार और उसी गांव के राजेश दास के पुत्र रितेश कुमार के रूप में की गई है. इनमें दो आरोपी आशीष और रितेश को पुलिस ने लखीसराय जिले से गिरफ्तार करने में सफलता पाई.दोनो अपने संबंधी के यहां रह रहे थे. मामले में बोले, इस हत्याकांड को लेकर चौथम थाना कांड संख्या 90/25 दर्ज की गई थी. जिसको लेकर एसडीपीओ के नेतृत्व में एसआईटी टीम का गठन किया गया था. एसआईटी की टीम ने उक्त गिरफ्तारी गुप्त सूचना एवं तकनीकी आधार पर की है.ज्ञात हो कि बीते दिनों जदयू नेता कौशल सिंह अपनी पत्नी के साथ बाइक पर जा रहे थे. इसी दौरान एक बाइक पर सवार तीन लोगों के द्वारा उनकी बाइक को ठोकर मारा गया था. पत्नी ने जो एफआईआर किया है उसके अनुसार जैसे ही उनके पति की बाइक नीचे गिरी वैसे ही आरोपियों के द्वारा उनके पति के ऊपर कई राउंड फायरिंग की गई।

# मुरारपुर पंचायत उपचुनाव को लेकर दो महिला प्रत्याशियों ने किया नामांकन

**हरसिद्धि,16 जून (तरूणमित्र)।** शिव प्रसाद तिवारी। प्रखंड मुख्यालय में मुरारपुर पंचायत के उपचुनाव को लेकर दो महिला प्रत्याशियों ने सोमवार को नामांकन पर्चा दाखिल किया । नामांकन पर्चा दाखिल करने वालों में फरजाना अंसारी व सुनंदा देवी शामिल रही।

प्रत्याशियों को भारी संख्या में समर्थकों के बीच नामांकन पर्चा दाखिल करने के बाद उनके समर्थकों को अपने-अपने प्रत्याशियों के गले में फूल माला व अबीर लगाते हुए देखा गया ।प्रखंड विकास पदाधिकारी सह उप चुनाव अधिकारी मनोज कुमार पासवान ने बताया कि मुरारपुर पंचायत का मुखिया पद रिक्त होने के कारण मुरारपुर पंचायत मुखिया पद का उपचुनाव होने जा रहे हैं। सरकार के निदेर्शानुसार नामांकन प्रक्रिया 14 जून से 20 जून तक निर्धारित है ।25 जून को चुनाव चिन्ह प्रत्याशियों को आवंटित की जाएगी। आगामी 9 जुलाई को मतदान तथा 11 जुलाई को मतगणना होने की तारीख तय की गई है। नामांकन दाखिल करने के बाद फूल माला पहनाकर मिठाइयां बांटते हुए समर्थकों ने अपने खुशी का इजहार किया।

फरजाना अंसारी के समर्थकों को अपने प्रत्याशी के प्रति काफी उत्सुक देखा गया। उक्त अवसर पर मुजफ्फर आलम, कलाम अंसारी, बबलू अंसारी, जैतुल्लाह अंसारी, शंभू शाह, मोहम्मद आलम, आदम अंसारी, मोहम्मद कैसर अंसारी साहित्य सैकड़ो संख्या में लोगों को उपस्थित देखा गया।

# 26 जून तक चलेगा जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा

- बढ़ती जनसंख्या पर रोक का होगा सफल प्रयास
- पुरुष नसबन्दी कराने को किया जाएगा जागरूक

**मोतिहारी,16 जून (तरूणमित्र)।** बढ़ती जनसंख्या पर रोक को लेकर जन समुदाय को जागरूक करने के उद्देश्य से जिले में 16 जून से 26 जून तक जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा का आयोजन होगा। आशा, फैसिलिटेटर, जीविका व स्वास्थ्य कर्मियों के सहयोग से गर्भनिरोधक, आपातकालीन स्थायी व अस्थायी उपाय एवं परामर्श पर ध्यान केंद्रित किया जाए। इस सम्बन्ध में जिला समन्वयक आशा नंदन झा ने बताया कि 16 जून से 26 जून तक जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। वहीं 27 जून से 10 जुलाई 2025 'समुदायिक उत्प्रेरण पखवाड़ा' एवं 11 जुलाई से 31 जुलाई तक 'परिवार नियोजन सेवा पखवाड़ा' का आयोजन किया जाना है। इसका उद्देश्य राज्य में परिवार नियोजन कार्यक्रम के अंतर्गत उपलब्ध सेवाओं के प्रति आमजन में जागरूकता उत्पन्न करना एवं योग्य दम्पतियों को इच्छित सेवा प्रदान करना है। जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा के बेहतर प्रबंधन एवं अन्य विभागों से समन्वय हेतु जिला स्तर पर जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में सम्बद्ध विभाग के जिला स्तरीय पदाधिकारी / सलाहकार एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी/सलाहकार के साथ बैठक करेंगे। प्रखंड स्तर पर भी प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में ऐसी ही बैठक होगी इन



बैठकों में आशा, आंगनबाड़ी सेविका, जीविका दीदी, विकास मित्र आदि की भागीदारी सुनिश्चित की जायेगी।पखवाड़ा को सफल बनाने हेतु जनप्रतिनिधियों को सहयोग हेतु प्रेरित किया जाएगा। प्रचार-प्रसार हेतु प्रिंट एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म एवं मीडिया चैनलों से भी सहयोग प्राप्त किया जाएगा। राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार द्वारा उपलब्ध कराये गये फ्लेक्स बैनर के माध्यम से सभी स्वास्थ्य संस्थान एवं जन समुदाय में इसका प्रचार किया जायगा।

डीसीएम नंदन झा ने बताया कि जनसंख्या स्थिरीकरण हेतु लोगों को सही उम्र में शादी, पहले बच्चे में देरी, दो बच्चों के बीच सही अंतर तथा छोटा परिवार के लाभ के बारे में आमजन को जागरूक किया जाएगा। माँ और शिशु स्वास्थ्य को बेहतर करने तथा गर्भनिरोधक उपायों को अपनाने हेतु परामर्श दिया जाएगा।

पखवाड़ा के दौरान परिवार नियोजन सेवाओं के तहत प्रदान की जाने वाली सेवा यथा- कॉपर-टी, गर्भनिरोधक सूई/ एमपीए बंध्याकरण एवं नसबंदी की सेवा प्रदान करने पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित किया जाएगा।पीएसआई इंडिया के जिला समन्वयक अमित कुमार ने बताया कि जिले में जनसंख्या नियंत्रण हेतु जागरूकता बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पतालों में महिला बंध्याकरण व पुरुष नसबन्दी कराई जाती है।महिला बंध्याकरण से पुरुष नसबंदी की प्रक्रिया सरल है। पुरुष नसबंदी को लेकर समाज में कई प्रकार का भ्रम फैला हुआ है।

इस भ्रम को तोड़ना होगा। छोटा परिवार सुखी परिवार की अवधारणा को साकार करने के लिए पुरुष को आगे बढ़कर जिम्मेदारी उठाने की जरूरत है। नसबंदी के लिए पुरुष लाभार्थी को 3000 रुपए एवं महिला बंध्याकरण के लिए लाभार्थी को 2000 रुपए की प्रोत्साहन की राशि लाभार्थियों के खाते में भेजी जाती है। बेहतर प्रदर्शन करने वालों स्वास्थ्य कर्मियों व स्वास्थ्य केंद्रों को पुरस्कृत किया जाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### मोदी सरकार 11 वर्ष बेमिशाल ,विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन

**संग्रामपूर,16 जून (तरूणमित्र)।** प्रखण्ड के सियाराम मंदिर परिषर में सोमबार को भाजपा ने विकसित भारत संकल्प सभा लगाकर केंद्र की मोदी सरकार के 11 वर्ष के उपलब्धि का बताया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व जिला अध्यक्ष प्रकाश स्थाना व जिला उपाध्यक्ष सुधांशु रंजन ने सम्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्ष के कार्यकाल में देश हर तरफ से ऊँचाई पहुचा है विदर्शो में भी भारत व प्रधानमंत्री की विकास की डंका बज रही है ।गरीब से लेकर सभी वर्गों का विकास हुआ है। रेल व सड़क निर्माण का जाल बिछ रहा है। अध्यक्षता प्रखण्ड मंडल अध्यक्ष कुमार दिपेन्द्र व मंच संचालन वकील कुमार चौधरी ने की।

### पुलिस ने अलग-अलग जगहों पर छापामारी में दो आरोपी को किया गिरफ्तार

**बेलदौर,खगड़िया,16 जून (तरूणमित्र)।** पुलिस ने अलग-अलग जगहों पर छापामारी कर दो आरोपी को गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार आरोपी का पहचान दिघौन पंचायत के पूर्वी दिघौन गांव निवासी शंकर यादव के पुत्र रणवीर कुमार एवं पीरनगरा पंचायत के शिशवा गांव निवासी चरित्र सादा के पुत्र दीपक कुमार के रूप में की गई है। थाना अध्यक्ष परशुराम सिंह ने बताया कि दिघौन पूर्वी से गिरफ्तार रणवीर कुमार के उपर बेलदौर थाना कांड संख्या 121/25 दर्ज था, जिसमें गोली बारी कर एक व्यक्ति को घायल कर देने के आरोप है। वहीं शिशवा गांव निवासी चरित्र के पुत्र दीपक कुमार को शराब पीने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

### सड़क दुर्घटना में घायल भाई के बाद बहन की भी मौत

**बेलदौर, खगड़िया,16 जून (तरूणमित्र)।** सड़क दुर्घटना में घायल भाई के मौत के तीसरे दिन बहन ने भी इलाज के क्रम में दम तोड़ दिया। मौत के खबर पर पीड़ित परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। उल्लेखनीय है कि अपने बहन का इलाज करवाकर बाइक से घर वापस लौटने के क्रम में शनिवार के ट्रक के चपेट में आ जाने से भाई-बहन गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलावस्था में इलाज के दौरान घटना के दिन ही भाई की मौत हो गई थी, जबकि बहन जिंदगी और मौत से जूझते हुए सोमवार को इलाज के दौरान दम तोड़ दी। घटना शनिवार दोपहर में दरभंगा जिले के सिमराहा चौक के समीप की बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक कैंजरी पंचायत के कदवा वासा गांव निवासी कैलाश सिंह के 27 वर्षीय पुत्र सुजीत कुमार अपने बहन नूतन कुमारी का नेपाल के लहान स्थित एक आंख के अस्पताल से इलाज करवा कर बाइक से घर वापस लौट रहा थे। इसी क्रम में घटनास्थल के समीप ट्रक के चपेट में आने से दोनों भाई बहन गंभीर रूप से घायल हो गये थे। घटना की सूचना पर परिजनों एवं शुभचिंतकों के यहां चीख पुकार मची हुई है, जिसे ग्रामीणों के द्वारा सांत्वना देकर चुप करने की कोशिश की जा रही है। दोनों भाई बहन के मौत की खबर पर गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है।

### पति-पत्नी के विवाद में मायके पक्ष ने की मारपीट, पांच आरोपी गिरफ्तार

**दिनारा,16 जून (तरूणमित्र)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के चितांव गांव में पति-पत्नी के घरेलू विवाद ने उस समय तूल पकड़ लिया जब विवाहिता के मायके वालों ने उसके पति के साथ जमकर मारपीट कर दी। इस हमले में पति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे आनन-फानन में दिनारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। घायल सुनील साह ने पुलिस को दिए अपने बयान में बताया कि किसी पारिवारिक विवाद को लेकर उसकी पत्नी बसंती देवी तथा उसके मायके पक्ष के लोग अचानक उसके घर आ धमके और उसे लाठी-डंडे से पीटना शुरू कर दिया। घटना के बाद पीड़ित की ओर से दिनारा थाना में पत्नी समेत पांच लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। थानाध्यक्ष विनय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि घायल के बयान के आधार पर पत्नी बसंती देवी और अकोढ़ीगोला निवासी धनेश्वर साह (पिता- नन्हकू साह), रवि साह, मनीष साह तथा रौशन साह (पिता- धनेश्वर साह) के खिलाफ कांड संख्या 281/25 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी नामजद आरोपियों को मौके से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। फिलहाल मामले की जांच जारी है और पुलिस अन्य बिंदुओं पर भी पड़ताल कर रही है।

### बिना चालान के बालू लदे चार ट्रक जब्त

**कोचस (रोहतास),16 जून (तरूणमित्र)।** जिले में अवैध बालू लदे ट्रक के परिचालन को देखते हुए पुलिस सख्त दिखाई दे रही है। हर थानों की पुलिस दिव्या तथा रात्रि गश्ती के दौरान वाहन जांच लगा रही है, जिसमें पुलिस तलाशी के दौरान अवैध बालू लदे ट्रैकों को पकड़ कानूनी कार्रवाई कर रही है। वही कोचस पुलिस ने सोमवार को कठोर कार्रवाई करते हुए नगर पंचायत के स्टेट हाईवे पर बने ओवरब्रिज के समीप से बिना चालान के अवैध बालू लदे चार ट्रक को जप्त किया है। इसकी जानकारी देते हुए रंजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि सासाराम चौसा पथ पर अवैध बालू लदे ट्रक तथा ट्रैक्टर का परिचालन हो रहा था, ऐसी सूचना पुलिस को प्राप्त हुई। जिसमें पुलिस ने कठोर कार्रवाई करते हुए सासाराम चौसा पथ पर वाहन जांच लगाकर चार ट्रक जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर बीआर 44 जीए 5617 व यूपी 61 बीटी 2642 के साथ दो अन्य ट्रक को जप्त किया है।

# भतीजे ने चाचा पर चलाई थी गोली, पुलिस ने आरोपी को गयाजी से किया गिरफ्तार

**सासाराम, 16 जून (तरूणमित्र)।** रोहतास जिले के नासरीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत इटिम्हा में बीते दिनों एक स्वर्ण व्यवसाई को गोली मारकर जख्मी किये जाने के मामले का रोहतास पुलिस ने उद्भेदन कर लिया है। मामले के मुख्य आरोपी रवि कुमार को गयाजी दाउदनगर रोड़ स्थित एक होटल से गिरफ्तार किया गया है तथा इसने पुलिस के समक्ष अपनी संलिप्तता भी स्वीकार कर ली है।

**भतीजे ने चाचा को मारी गली**

मामले में सोमवार को आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान रोहतास पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार ने बताया कि बीते 15 मई को नासरीगंज थाना क्षेत्र के इटिम्हा बाजार में स्वर्ण व्यवसाई पंचरत्न कुमार को उनके भतीजे रवि कुमार ने हीं गोली मार कर घायल कर दिया था। पूछताछ के क्रम में मुख्य आरोपी रवि कुमार ने खुद इस बात का खुलासा किया। उसने बताया कि पूर्व में दोनों साथ मिलकर सोने चांदी का व्यवसाय करते थे, लेकिन इस दौरान दोनों के बीच पैसे को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया, जिसके कारण आरोपी रवि ने अपने चाचा पंचरत्न कुमार को गोली मारकर घायल कर दिया।

**डीएसपी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित**

एसपी ने बताया कि कांड के सफल उद्भेदन एवं संलिप्त अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी के लिए विक्रमगंज डीएसपी कुमार संजय के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया था। शुरूआत में हीं गठित टीम ने घटना में उपयोग किए गये देसी कट्टा एवं लूटी गई काले रंग की पल्सर बाइक को इटिम्हा गांव से बरामद कर लिया था। जबकि घटनास्थल से पुलिस को एक खोखा तथा एक पिलेट भी बरामद हुआ था।



**गुप्त जानकारी पर मिली सफलता**

पुलिस को गुप्त जानकारी मिली कि आरोपी गयाजी दाऊदनगर रोड स्थित एक लॉज में छुपा हुआ है, जिसके बाद पुलिस में तत्काल कार्रवाई करते हुए उक्त स्थल से आरोपी को दबोच लिया। एसपी ने कहा कि मुख्य आरोपी नासरीगंज थाना में दर्ज एक कांड का भी अभियुक्त है।

**आरोपी के दो भाई भी गिरफ्तार**

गिरफ्तार मुख्य आरोपी रवि कुमार ने गठित टीम के समक्ष खुलासा करते हुए बताया कि इस घटना में उसके दो भाई नितीश कुमार एवं रितेश कुमार की भी संलिप्तता है। घटना को अंजाम देने में दोनों लाईनर की भूमिका निभा रहे थे। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी के निशानदेही पर दोनों को भी गिरफ्तार कर लिया। तीनों आरोपियों के मोबाइल फोन को जब्त किया गया है तथा इनके अन्य अपराधिक इतिहास के संबंध में जांच की जा रही है।

# अनर्गल होल्डिंग टैक्स जुर्माने के साथ जबरन वसूली का खेल बेलदौर में जारी

**बेलदौर , खगड़िया, 16 जून (तरूणमित्र)।** कार्यपालक पदाधिकारी की मनमानी चरम सीमा पर देखी जा रही है। जिस कारण बेलदौर ग्राम पंचायत को नगर पंचायत घोषित हुए करीब चार वर्ष पुरे होने को है,मुलभुत सुविधाओं का स्वाद नगरवासियों ने पुरी तरह चखा भी नहीं लेकिन अचानक जुर्माने के साथ होल्डिंग टैक्स का फरमान जारी कर जबरन वसूली किए जाने से नगरवासियों में त्राहिमाम की स्थिति उत्पन्न हो गई है। उक्त बातें शनिवार की देर शाम बेलदौर बाजार के अलग-अलग जगहों पर चोपाल लगाकर समाजसेवी संजय शर्मा ने कहा। इस दौरान उन्होंने नगरवासियों की समस्याओं को पुरजोर तरीके से उठाते बताया कि संबंधित जनप्रतिनिधि को जिम्मेवारी सोपी गई है कि नगरवासियों की समस्याओं को जमीनी स्तर पर समझकर उसके निदान को लेकर हरसंभव प्रयास करें न कि नियमों के हासिऐ पर उसका दोहन शोषण करें ऐसे में अचानक वर्ष 2021 से मनमाने तरीके से लोगों पर अनर्गल होल्डिंग टैक्स जुर्माने के साथ लागू कर उसकी जबरन वसूली करवाया जाना काफी निंदनीय है, लोग परेशान हैं जबकि कार्यालय में बैठे बैठे नपं के हाकिम एवं कर्मी नगर सुंदर एवं नगरवासियों के जीवन को खुशहाल बनाने का सपना देख रहे हैं।

इन्होंने बताया कि अभी तक खगड़िया नगरपालिका एवं गोगरी नगर परिषद क्षेत्र में ऐसी तानाशाही टैक्स के लिए नहीं की जा रही है लेकिन बगैर किसी जागरूकता एवं सुचना के अनर्गल होल्डिंग टैक्स जुर्माने के साथ जबरन वसूली का खेल बेलदौर में जारी है, नहीं देने पर कारवाई की धमकी मिल रही है । ऐसे में लोग हलकान एवं परेशान हैं, लोगों के बीच आक्रोश पनप रहा है, लोग नगर पंचायत के सुविधा लेने से कतराने लगे हैं कि सुविधा के नाम पर दोहन शोषण किया जा रहा है । इन्होंने बताया कि अब इसके विरोध में आन्दोलन का शंखनाद कर दिया गया है, जब-तक आमलोगों के सहमति से नगर पंचायत का कानून नहीं चलेगा,इसका पुरजोर विरोध किया जाएगा।

वही उनके इस पहल की लोग जमकर सराहना करते होल्डिंग टैक्स के नाम किए जा रहे शोषण से निजात मिलने की उम्मीद जता रहे हैं। वही उक्त समस्याओं को लेकर जनसुराज के डॉ नीतीश कुमार कार्यपालक पदाधिकारी से मिलकर समाधान किए जाने का अनुरोध किए ताकि आमलोगों को नगर पंचायत घोषित किए जाने पर गर्व महसूस हो एवं नगर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाऐ रखने में इनकी भागीदारी सुनिश्चित हो सके। इन्होंने बताया कि संबंधित पदाधिकारी से लगातार संपर्क कर नगरवासियों के इस समस्या का समाधान करवाने का प्रयास किया जा रहा है ।

# मोटरसाइकिल के चपेट में आने से वृद्ध महिला की मौत

**बेलदौर, खगड़िया, 16 जून (तरूणमित्र)।** मोटरसाइकिल के चपेट में आने से 55 वर्षीय वृद्ध महिला की मौत इलाज के दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेलदौर में हो गई।मौत की खबर सुनकर परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। जानकारी के मुताबिक बेलदौर थाना क्षेत्र के बोबील पंचायत अंतर्गत वार्ड नंबर 8 निवासी स्वर्गीय हिरदी साह के 55 वर्षीय पत्नी भादो देवी अपने पुत्र दीपक साह के साथ रुपया निकासी करने के लिए बैंक आ रही थी।

इसी दौरान पीडब्ल्यूडी पथ के पानी टंकी के समीप ओ नियंत्रित मोटरसाइकिल सवार युवक ने ठोकर मार दिया। वहीं ठोकर लगते ही उक्त महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई। आनन-फानन में परिजनों के द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेलदौर लाया गया जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। मालूम हो कि उक्त महिला अपने पीछे भरा पुरा परिवार को छोड़कर चल बसी। लेकिन परिजनों में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। बताते चलें कि सड़क पर स्मैकर का बोलबाला हो गया है। जिस कारण तेज रफ्तार मोटरसाइकिल सवार युवक ने 55 वर्षीय वृद्ध महिला को ठोकर मार दी, जिस कारण वृद्ध महिला की मौत हो गई।

वहीं मौत की खबर सुनकर बेलदौर थाना अध्यक्ष परशुराम सिंह अपने थाना के अपर थाना अध्यक्ष पवन कुमार, एस आई राहुल कुमार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेलदौर भेजें, जहां उक्त पदाधिकारी के द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु खगड़िया भेज दिया। इसकी सूचना समाज सेवी ऋषभ कुमार, लोजपा नेता गौतम कुमार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेलदौर पहुंचकर मृतक परिजनों को दुख के घड़ी में धैर्य से रहने का सलाह दिया। उन्होंने कहा कि सड़क पर स्मैकर का बोलबाला हो गया है। जिस कारण सड़क पर हर रोज सड़क दुर्घटना होती रहती है। वहीं प्रशासन से मांग करते हैं कि स्मैकर पर नकेल कसे नहीं आएं दिन महिला हो या पुरुष की मौत सड़क दुर्घटना में होती रहेगी।

## महिला शराब धंधेबाज गिरफ्तार 2 लीटर महुआ शराब बरामद

**दिनारा, 16 जून (तरूणमित्र)।** स्थानीय थाना पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए चितांव गांव से अवैध शराब कारोबार में लिप्त एक महिला को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके पास से करीब 2 लीटर महुआ शराब बरामद की है। इस संबंध में महिला को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष विनय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें गुप्त सूत्रों से सूचना मिली थी कि चितांव गांव में अवैध रूप से शराब तैयार कर बेची जा रही है। इसी आधार पर छापेमारी की गई, जिसमें गांव निवासी छोटे लाल मुसहर की पत्नी सोनी कुमारी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। उसके पास से महुआ की देशी शराब बरामद की गई, जिसे अवैध रूप से बेचने की तैयारी चल रही थी। पुलिस ने इस मामले में बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत धारा 30 में कांड संख्या 282/25 दर्ज करते हुए सोनी कुमारी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि क्षेत्र में अवैध शराब के विरुद्ध यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# गोपालगंज के थानों में आगंतुक पंजी तो खुली पर नहीं होता संधारण

**गोपालगंज, 16 जून (तरूणमित्र)।** बिहार के पुलिस महानिदेशक का आदेश गोपालगंज के थानों में धूल फांक रहा है और एक बार भी सीसीटीवी कैमरे और आगंतुक पंजी का किसी पदाधिकारी ने अवलोकन नहीं किया. पूरे बिहार के थानों में अवांछित तत्वों की पैठ और दलालों के प्रवेश को निषेध करने के लिए बिहार के डीजीपी द्वारा आगंतुक पंजी के संधारण के लिए पहल की गई थी. डीजीपी के आदेश पर गोपालगंज के थानों में आगंतुक पंजिका खोली गई परन्तु अधिकांश थानों में डीजीपी का यह आदेश धूल फांक रहा है. प्रारंभिक समय में आवेदन देने वाले, झगड़ कर आने वाले का आगंतुक पंजी में हस्ताक्षर करवाए गए परन्तु यह अधिक दिनों तक नहीं चल सका क्योंकि परम्परागत स्थिति में न तो दलालों का थाने आना जाना छूट सकता है और नहीं पुलिस पदाधिकारियों का उनसे मोह भंग हो सकता है. दोनों में बिल्कुल अन्योनाश्रय संबंध पूर्व से स्थापित हैं. अगर थाने में लगी सीसीटीवी का अवलोकन या जांच की जाय तो यह बात सौ प्रतिशत सही साबित होगी कि डीजीपी साहब का आदेश धूल फांक रहा है. अवांछित तत्वों का एक दिन में दर्जनों बार थाने में प्रवेश और निकास होता है. कुछ तो ऐसे अवांछित तत्व हैं दिन भर थाने का चक्कर लगाते हैं और पूरी रात शराब के कारोबार में लिप्त हैं. ऐसे में तो यह स्पष्ट है कि बिहार के डीजीपी साहब केवल आदेश निकालते हैं और थानेदारों के सामने उस आदेश का कोई मोल नहीं होता।

## पुलिस ने एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**बिक्रमगंज (रोहतास), 16 जून (तरूणमित्र)।** दावथ थाने की पुलिस द्वारा आज एक आरोपी को गिरफ्तार किये जाने की सूचना प्राप्त है। गिरफ्तार आरोपी के संबंध में सूचना देते हुए दावथ थाना अध्यक्ष कृपाल जी ने बतलाया कि दावत थाना कांड संख्या 191/25 के प्राथमिकी अभियुक्त विमलेश (वीरू) चौधरी पिता स्व रामरहस्य चौधरी ग्राम गंगटी थाना दावथ रोहतास को विधिवत गिरफ्तार किया गया है।

## एक पखवाड़ा से गायब युवक को पुलिस ने किया बरामद

**नोखा (रोहतास), 16 जून (तरूणमित्र)।** नोखा थाना क्षेत्र के रामनगर निवासी जो अपने मामा के यहां लालगंज गांव में रहने वाला युवक को पुलिस ने सोमवार को बरामद करके उसे न्यायालय में पेश किया गया। जो कि उसने बताया कि मैं मुंबई में चला गया था।यह 25 मई को घर से गायब था। गायब रहने के बाद थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी।इसमें सड़क जाम कर ग्रामीणों ने बवाल काटा था। जिस पर पुलिस ने रामनगर गांव निवासी दीपक कुमार को सोमवार को बरामद कर सासाराम न्यायालय भेज दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### तैराकी प्रशिक्षण का आयोजन



**गोपालगंज, 16 जून (तरूणमित्र)।** बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सौजन्य से और जिला पदाधिकारी पवन कुमार सिन्हा के निर्देश पर सहायक आपदा प्रबंधन पदाधिकारी शाहनवाज खान एवं बैकुंठपुर के अंचल पदाधिकारी गौतम सिंह ने बैकुंठपुर प्रखंड क्षेत्र के कर्म शीला में सुरक्षित तैराकी प्रशिक्षण का आयोजन किया. बैकुंठपुर प्रखंड क्षेत्र बाढ़ प्रभावित क्षेत्र रहा है और इस क्षेत्र में नदी में डूबने की अक्सर घटनाएं होती हैं. युवाओं को तैराकी के क्षेत्र में परांगत करना इस कार्यक्रम का उद्देश्य है. सहायक आपदा प्रबंधन पदाधिकारी शाहनवाज खान ने बताया कि छः साल से अठारह साल के बच्चों को तैराक बनाना इस कार्यक्रम का उद्देश्य है. प्रशिक्षण प्राप्त कर लेने के बाद इन सभी तैराकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा. ये सभी प्रशिक्षित तैराक अपनी सुरक्षा के साथ दूसरे की भी सहायता करने में कामयाब हो सकेंगे।

### प्राथमिक शिक्षा उपनिदेशक नेछात्र की पिटाई पर लिया संज्ञान

**बैकुंठपुर (गोपालगंज),16 जून (तरूणमित्र)।** प्राथमिक शिक्षा निदेशालय शिक्षा विभाग बिहार सरकार की उपनिदेशक उर्मिला कुमारी ने पत्रांक 08/R11- 15-15 2025 के पत्र में गोपालगंज के जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देशित किया है कि राजीव कुमार पिता मंकेश्वरनाथ सिंह ग्राम बिजुलपुर थाना बैकुंठपुर जिला गोपालगंज द्वारा ग्लैक्शी इंटरनेशनल स्कूल धरमवारी के विरुद्ध परिवाद उपलब्ध कराया गया है.इस परिवाद में उनके पुत्र चौथी कक्षा के छात्र दस वर्षीय आर्यन कुमार की स्कूल के दो शिक्षकों द्वारा बेरहमी से पिटाई की गई है,का आरोप अंकित किया गया है. इस मामले में उपनिदेशक उर्मिला कुमारी ने जिला शिक्षा पदाधिकारी गोपालगंज से कार्रवाई कर शीघ्र प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है. विदित हो कि आर्यन कुमार की बीते दिनों पिटाई से उसकी तबीयत ज्यादा बिगड़ गई थी और स्थानीय लोगों ने स्कूल के परिसर में पहुंच कर आक्रोश जताया था।

### प्रधानमंत्री के सीवान आगमन को लेकर हो रहा सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग - इम्तियाज अली

**गोपालगंज, 16 जून (तरूणमित्र)।** प्रधानमंत्री की प्रस्तावित सिवान यात्रा में सरकारी मशीनरी का खुलेआम दुरुपयोग हो रहा है. आशा वर्कर, जीविका दीदी, पैक्स अध्यक्ष तथा आंगनवाड़ी सेविका सहायिका पर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में लोगों को ले जाने के लिए दबाव बनाया जा रहा है.उक्त आरोप राजद के प्रधान महासचिव इम्तेयाज अली भुट्टो ने आज लगाते हुए राष्ट्रपति तथा राज्यपाल से इस पर रोक लगाने की मांग की है.श्री भुट्टो ने कहा कि इन सभी विभागों के मंत्री लगातार अधिकारियों को निर्देश दे रहे हैं तथा प्रधानमंत्री की सभा में लोगों को नही ले जाने पर करवाई की धमकी दे रहे हैं. श्री भुट्टो ने कहा कि बिहार में अपनी संभावित हार से भाजपा और जदयू के लोग घबराये हुए हैं और सरकारी मशीनरी के माध्यम से भीड़ जुटाने का प्रयास कर रहे हैं.उन्होंने कहा कि लालू- राबड़ी के शासनकाल में क्या-क्या हुआ ये बिहार की जनता बखूबी जानती है. प्रधानमंत्री बिहार की जनता को ये बताएं कि 20 साल की डबल इंजन सरकार में उन्होंने बिहार को कितने कल कारखाने, हॉस्पिटल और यूनिवर्सिटीयां दीं हैं. प्रत्येक साल दो करोड़ नौकरियों का क्या हुआ.श्री भुट्टो ने कहा कि बिहार की जनता इस विधानसभा चुनाव में भाजपा- जदयू सरकार को उखाड़ फेंकेगी तथा तेजस्वी यादव के नेतृत्व में नए बिहार के लिए नए सरकार का गठन करेगी।

### प्रारंभिक विद्यालयों में नव नामांकित बच्चों को मिलेगी पुस्तकें

**पंचदेवरी (गोपालगंज), 16 जून (तरूणमित्र)।** नए शैक्षणिक सत्र में जिले के सभी प्रारंभिक स्कूलों के नव नामांकित बच्चों को निःशुल्क पुस्तकें प्रदान की जाएंगी। इसको लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी योगेश कुमार ने पहल शुरू की है। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने जिले के सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों को पत्र भेजकर नव नामांकित बच्चों की सूची उपलब्ध कराने को कहा है . बताया गया है कि वर्ग 1 से 8 तक में अध्यनरत सभी बच्चों को निशुल्क पाठ पुस्तक उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है . स्कूलों में पूर्व से पढ़ रहे छात्रों को पुस्तकें उपलब्ध करा दी गई हैं . ऐसे में नव नामांकित बच्चों को अभी तक पुस्तक नहीं मिल पाई है . जिसको लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी ने सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों को विद्यालयों से डाटा कलेक्ट करते हुए सूची उपलब्ध कराने को कहा है . पत्र में बताया गया है कि प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी संकुलवार एवं विद्यालयवार डाटा कलेक्ट करते हुए सूची तैयार करेंगे . पुस्तक हेतु अधियाचना पत्र भेजा जाएगा . इसके बाद सभी नव नामांकित बच्चों को पुस्तकें उपलब्ध कराई जाएंगी . जिला शिक्षा पदाधिकारी के पहल के बाद नव नामांकित बच्चों में पुस्तक मिलने की आस जगी है।

### शराब धंधे में लिप्त एक महिला गिरफ्तार

**बिक्रमगंज (रोहतास), 16 जून (तरूणमित्र)।** पुलिस अधीक्षक रोहतास रौशन कुमार के निर्देश पर शराब धंधेबाजों के खिलाफ चलाए जा रहे सघन जांच अभियान के तहत काराकाट थाना क्षेत्र से एक महिला को गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष काराकाट भागीरथी कुमार ने बतलाया कि एक महिला रीमा कुंवर पति स्व लालबाबू पासवान ग्राम सुकहरा थाना काराकाट जिला रोहतास को 20 लीटर देशी महुआ शराब के साथ विधिबत गिरफ्तार किया गया है ।इस संबंध में अग्रिम करवाई की जा रही हैं।

# बाढ़ पूर्व तैयारियों की समीक्षा को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित

**सुपौल, 16 जून (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी, सुपौल के नेतृत्व में सुपौल प्रखंड के सभागार में बाढ़ पूर्व तैयारियों की समीक्षा हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में प्रखंड क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधिगण, प्रखंड स्तरीय एवं संबंधित विभागीय पदाधिकारीगण, आपदा मित्र, प्रभावित पंचायतों के नाविक, अंचलाधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी उपस्थित रहे।




बैठक के दौरान सभी बाढ़ प्रभावित पंचायतों के जनप्रतिनिधियों से क्रमवार रूप से बाढ़ से पूर्व, बाढ़ के दौरान तथा बाढ़ के पश्चात उत्पन्न होने वाली समस्याओं पर विस्तृत जानकारी ली गई एवं उनके निराकरण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। सभी प्रभावित पंचायतों में प्रतिनियुक्त नाविकों को बाढ़ के समय तत्परता एवं सजगता के साथ कार्य करने हेतु विशेष रूप से निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने आपदा की स्थिति में सभी विभागीय पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से आपसी सहयोग और समन्वय के साथ कार्य करने का आह्वान किया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि,संभावित बाढ़ आपदा की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु सभी आवश्यक तैयारियाँ समयबद्ध एवं प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण की जाएं, ताकि आमजन को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े।

## पुलिस ने वारंटियों को किया गिरफ्तार,भेजे गए जेल

**बिक्रमगंज (रोहतास), 16 जून (तरूणमित्र)।** व्यवहार न्यायालय बिक्रमगंज से निकले वारंट के आलोक में काराकाट थाने की पुलिस ने सोमवार को अलग-अलग मामले में कुल तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल। सोमवार को जीने वारंटी को गिरफ्तार किया गया उनमे पिंटू कुमार पिता लाल बाबू सिंह, ग्राम किरही थाना काराकाट रोहतास, गणेश कुमार पिता कामेश्वर सिंह ग्राम किरही थाना काराकाट रोहतास तथा श्री भगवान सिंह पिता राम इकबाल सिंह ग्राम रामपुर (टोला) गच्छई थाना काराकाट रोहतास के रहने वाले हैं जिनको प्रथम वर्गीय न्यायालय बिक्रमगंज के द्वारा जारी गिरफ्तारी वारंट के आलोक में पुलिस ने गिरफ्तार किया है। काराकाट थाना अध्यक्ष भागीरथ कुमार ने बतलाया कि पुलिस मामले में अग्रेतर कार्यवाही कर रही है।

# धान की नर्सरी में हॉपर का प्रकोप

**पंचदेवरी/गोपालगंज, 16 जून (तरूणमित्र)।** रोहिणी नक्षत्र में धान की नर्सरी लगाने वाले किसानों के लिए ग्रास हॉपर कीट मुसीबत बन गये हैं. ये कीट हरे-भरे बिचड़ों को तेजी से चट कर रहे हैं. जिससे किसानों की मेहनत और उम्मीदों पर पानी फिर रहा है. कीट क्यारियों के किनारों से शुरू होकर धीरे-धीरे पूरी नर्सरी को अपनी चपेट में ले लेते हैं।

कृषि विशेषज्ञ सुनील कुमार सिंह एवं पंकज पाण्डेय ने बताया कि ग्रास हॉपर से बचाव के लिए साइपरमेथ्रिन दवा का घोल बनाकर छिड़काव करना चाहिए. इस दवा को दो मिलीलीटर प्रति लीटर पानी में मिलाकर घोल तैयार करें और शाम के समय छिड़काव करें. जब कीट सबसे अधिक सक्रिय होते हैं, ऐसे समय छिड़काव आवश्यक हो जाता है. उन्होंने यह भी सलाह दी कि एक सप्ताह बाद दोबारा छिड़काव करें ताकि कीटों का प्रकोप पूरी तरह नियंत्रित हो सके. उन्होंने यह भी सुझाया कि पांच मिलीलीटर प्रति लीटर पानी में नीम के तेल के घोल के छिड़काव से अतिरिक्त सुरक्षा मिल सकती है. इसके अलावा, खेतों की नियमित निगरानी और समय पर कीटनाशक का उपयोग कीटों को शुरूआती चरण में ही रोकने में कारगर साबित हो सकता है. उन्होंने कहा कि सही समय पर उचित कीटनाशक का उपयोग और विशेषज्ञों की सलाह से नर्सरी को बचाया जा सकता है।

विशेषज्ञों का मानना है कि मॉनसून की बारिश शुरू होने के बाद ग्रास हॉपर का प्रकोप कुछ कम हो सकता है. तब तक किसानों को सचेत रहने की जरूरत है।

## नीट की परीक्षा में अमन और असमी ने की सफलता हासिल की

**थावे (गोपालगंज), 16 जून (तरूणमित्र)।** थावे प्रखंड के रामचंद्रपुर पंचायत के मुखिया उपेन्द्र प्रसाद गुप्ता के छोटे पुत्र अमन राज ने अपने घर से एक साल में तैयारी कर दूसरे प्रयास में पूरे देश में नीट की परीक्षा में 1144 रैंक लाकर जिला और अपने प्रखंड के साथ अपने गांव का नाम रौशन किया है. स्थानीय मुखिया ने अपने परिवार के साथ खुशी मनाते हुए नीट की परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले छोटे पुत्र को मिठाई खिलाकर बधाईयां दीं . दूसरी तरफ एक शिक्षक की पुत्री ने नीट की परीक्षा में पूरे देश में 1011 रैंक लाकर पूरे जिले का नाम रौशन किया है.जिले के मांझागढ़ प्रखंड स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय लंगटु हाता में पदस्थापित नियोजित शिक्षक सुनील कुमार की पुत्री असमी ने एक साल से अपने घर पर रहकर तैयारी कर प्रथम प्रयास में पूरे देश में नीट की परीक्षा में सफलता प्राप्त कर 1011 रैंक हासिल किया है .जिसको लेकर पूरे परिवार में खुशी लहर है . शिक्षक पिता ने अपनी पुत्री को मिठाई खिलाकर हार्दिक शुभकामनाएं एवम बधाईयां दीं।

# मीटर बाईपास कर विद्युत ऊर्जा चोरी करने को लेकर चार पर प्राथमिकी दर्ज

**विक्रमगंज, 16 जून (तरूणमित्र)।** प्रखंड दावथ अंतर्गत विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर गुप्त सुचना के आधार पर कनीय विद्युत अभियंता दावथ अर्जुन कुमार के नेतृत्व मे एक जाँच दल का गठन किया गया। जाँच दल द्वारा निरीक्षण के क्रम में पाया की परिसर मे लगे मीटर के सर्विस तार मे कटिंग करके एवं अतिरिक्त तार जोड़कर तथा मीटर बाईपास करते हुए विद्युत ऊर्जा चोरी की जा रही थी।

जिसको लेकर चार उपभोक्ताओं पर जुमार्ना के साथ प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है। बताते चलें की दर्ज प्राथमिकी मे पंचायत गीधा के नकटॉली निवासी धरशीला देवी पर 29598, राज कुमार चौधरी पर 12961, शिवजी सिंह पर 20453 व अवधेश सिंह पर 6059 रुपये जुमार्ना लगायी गयी है। उपरोक्त सभी उपभोक्ताओं के द्वारा मीटर बाईपास करने के कारण वास्तविक मान पठन अवरूद्ध हो रहा था तथा विभाग के राजस्व की क्षति हो रही थी। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा बताया गया की बिजली चोरी के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमे उपभोक्ताओं के परिसर में लगे सर्विस तार, मीटर, बिलिंग एवं बिल के ससमय भुगतान की सघन जांच की जा रही है।

जांच में मीटर की सील टूटी हुई, टेम्परिंग या बाईपास पाए जाने पर तत्काल प्राथमिकी दर्ज कराया जा रहा है साथ हीं बकायेदार उपभोक्ताओं से अनुरोध करते हुए बताया गया की बिजली बिल समय रहते जमा करा दें अन्यथा विभाग के कर्मी घर-घर जाकर बकायेदारों का लाइन काट रहे हैं, लाइन कटने के बाद बिना बकाया राशि और रिकनेक्शन चार्ज जमा किये लाइन जलाते हुए पाए जाने पर आर्थिक जुमार्ने के साथ सम्बंधित थाना मे प्राथमिकी दर्ज कराई जा रही है।

## किसानों को समृद्ध बना रहा मुख्यमंत्री कृषि विद्युत सम्बन्ध योजना, पटवन के लिए 55 पैसे प्रति यूनिट निर्धारित

विक्रमगंज। बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री कृषि विद्युत संबंध योजना विद्युत आपूर्ति प्रमंडल सासाराम क्षेत्र के किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है। विद्युत कार्यपालक अभियंता सासाराम ब्रवीम ने बताया की यह योजना न केवल किसानों को डीजल पंपों के महंगे और प्रदूषणकारी विकल्प से छुटकारा दिला रही है, बल्कि कृषि उत्पादन और उनकी आर्थिक समृद्धि को भी बढ़ावा दे रही है। पहले किसानों को सिंचाई के लिए डीजल आधारित पंपों पर निर्भर रहना पड़ता था। डीजल की बढ़ती कीमतें और पंपों के रखरखाव का खर्च किसानों के लिए एक बड़ी चुनौती थी इसके अलावा, डीजल पंपों से होने वाला प्रदूषण पर्यावरण के लिए भी हानिकारक था लेकिन मुख्यमंत्री कृषि विद्युत संबंध योजना और बिजली की उपलब्धता की फसल सिंचाई की लागत करीब 98 फीसदी तक कमी आयी है। किसानों को बिजली से चलने वाले मोटर पंप से सिंचाई करने की लागत घटकर मात्र दो रुपए प्रति घंटे रह गई है, जिससे वे खुशहाल हो रहे हैं। किसानों को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें सस्ती दरों पर बिजली उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार इस योजना के लाभुकों को प्रति यूनिट 6 रुपए 19 पैसे का अनुदान दे रही है। किसानों का कहना है कि बिजली से चलने वाले दो हॉर्स पावर के मोटर पंप के संचालन के प्रति घंटे मात्र 3-4 यूनिट बिजली की खपत होती है, जो काफी किफायती है। इस योजना के लागू होने से पहले जीवाश्म ईंधन (पेट्रोल, डीजल, केरोसिन) आधारित मोटर पंप से फसलों की सिंचाई करने में प्रति घंटे करीब 100 रुपये तक की लागत आती थी लेकिन अब मुख्यमंत्री कृषि विद्युत संबंध योजना के तहत कनेक्शन लेने के बाद किसानों को सस्ती दरों पर बिजली उपलब्ध हो रही है। राज्य सरकार से अनुदान मिलने के बाद उपभोक्ताओं को मात्र 55 पैसे प्रति यूनिट का ही भुगतान करना पड़ रहा है। किसानों को सिंचाई के लिए निःशुल्क कृषि विद्युत कनेक्शन प्रदान किए जा रहे हैं।

स्वत्याधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं समूह सम्पादक कैलाशनाथ के द्वारा अजीमाबाद प्रिन्टर 5-47 प्लाट न0 905 वाचस्पती कॉलनी रोड कुम्हरार गुमटी संदलपुर रोड, पटना से मुद्रित होकर 302, रघुवंशम अपार्टमेन्ट किदवईपुरी, पटना से प्रकाशित। कार्यकारी संपादक-योगेन्द्र विश्वकर्मा। फोन/फैक्स 0612-2522597, 2529927 मो. 8578001500 पोस्ट पंजीयनः CO- 174/2002 आर.एन.आई BIHHIN/2002/9030, इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद पटना न्यायालय के अधीन होंगे। email ID-tarunmitrapatna@gmail.com

# बोरसे-बाबूता की जोड़ी ने वर्ल्डकप में गोल्ड जीता

## 10 मीटर एयर राइफल मिक्स्ड इवेंट में पहले स्थान पर रहे, भारत तीसरे स्थान पर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बोरसे और अर्जुन बाबूता की भारतीय जोड़ी ने वर्ल्ड कप में 10 मीटर एयर राइफल मिक्स्ड इवेंट में चीनी जोड़ी को 17-7 से हरा कर गोल्ड मेडल जीता। आर्य बोरसे और अर्जुन बाबूता की भारतीय जोड़ी ने शनिवार को बर्लिन में खेले जा रहे ढ्ढस्स्न्र(इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट्स फेडरेशन) वर्ल्ड कप में भारत को दूसरा गोल्ड दिलाया। उन्होंने 10 मीटर एयर राइफल के मिक्स्ड इवेंट में चीन के जिफेई वांग और लिहाओ शेंग को 17-7 से हराकर गोल्ड मेडल जीता। नॉर्वे के जीनेट हेग ड्यूस्टैड और जॉन-हरमन हेग ने के सेगेन मैडालेना और पीटर मैथ्यू फियोरी को 16-14 से हरा कर ब्रॉन्ज मेडल जीता।

बोरसे और बाबूता क्वालिफिकेशन में 635.2 के साथ फाइनल में अपना स्थान पक्का किया बोरसे और बाबूता ने पहले 635.2 के क्वालिफिकेशन स्कोर के साथ फाइनल के लिए स्थान पक्का किया। वह दूसरे स्थान पर रहे। बबूता ने क्वालिफिकेशन में 317.7 का स्कोर बनाया जबकि बोरसे ने



317.5 का स्कोर कर। अन्य भारतीय जोड़ी, एलावेनिल वलारिवन और अंकुश जाधव, 631.8 के स्कोर के साथ क्वालिफिकेशन में छठे स्थान पर रहे। इस साल की शुरुआत में, बोरसे ने पेरू के लीमा में वर्ल्ड कप में 10 मीटर एयर राइफल मिक्स्ड टीम इवेंट में रुद्राक्ष पाटिल के साथ मिलकर सिल्वर मेडल हासिल किया था। भारत पॉइंट टेबल में तीसरे स्थान पर बर्लिन में खेले जा रहे वर्ल्ड कप में भारत ने चार मेडल के साथ पॉइंट टेबल में तीसरे स्थान पर है। भारत के लिए आर्य बोरसे और अर्जुन बाबूता की जोड़ी ने जहां 10 मीटर राइफल मिक्स्ड इवेंट में गोल्ड जीता, वहीं सुरुचि ने 10 मीटर एयर पिस्टल में गोल्ड जीता। जबकि सिफ्ट कौर समरा और एलावेनिल वलारिवन ने अपने-अपने व्यक्तिगत इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल जीते थे।

भारत अब चीन (छह) और नॉर्वे (चार) से पीछे तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। चीन ने तीन गोल्ड, एक सिल्वर और दो ब्रॉन्ज मेडल जीते हैं, जबकि नॉर्वे ने दो गोल्ड, एक सिल्वर और एक ब्रॉन्ज मेडल जीतकर पॉइंट टेबल में टॉप स्थान पर है।

## सनराइजर्स हैदराबाद की मालकिन काव्या मारन की होने जा रही है शादी?



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सनराइजर्स हैदराबाद की मालकिन काव्या मारन को लेकर एक खबर सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही है, जिसमें दावा किया जा रहा है कि काव्या जल्द ही शादी करने जा रही हैं. उनके होने वाले पति अनिरुद्ध रविचंदर हैं, जो फेमस म्यूजिक कंपोजर हैं. अब इस पर किसी और की नहीं बल्कि खुद अनिरुद्ध की प्रतिक्रिया आई है. उन्होंने इसकी सच्चाई सबको बता दी है. काव्या मारन सनराइजर्स हैदराबाद के मालिक की बेटी हैं, जो आईपीएल के ऑक्शन से लेकर टीम के हर मैच में नजर आती हैं. 2024 की रनर-अप हैदराबाद इस बार लीग स्टेज से ही बाहर हो गई थी. काव्या की बात करें तो इंस्टाग्राम या किसी अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उनका कोई आधिकारिक अकाउंट नहीं है. वह सिर्फ आईपीएल मैचों के दौरान ही नजर आती हैं. सोशल मीडिया पर दावा किया गया कि दोनों को एक डिनर डेट पर देखा गया. कहा गया कि पिछले 1 साल से काव्या और अनिरुद्ध डेट कर रहे हैं और जल्द ही शादी करने जा रहे हैं.

## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से हराकर यूरोप में अपना अपराजेय अभियान जारी रखा



**कोटिंच, एजेंसी।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने यूरोप दौरे में अपना अपराजेय अभियान जारी रखते हुए चौथे मैच में ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से हरा दिया। मेजबान बेल्जियम को लगातार तीन मैच हराने के बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारतीय टीम का मैच मुश्किल माना जा रहा था। लेकिन ऑस्ट्रेलिया पर जीत दर्ज कर भारतीय टीम ने अपनी मजबूती का एहसास कराया और बताया कि बेल्जियम के खिलाफ जीत कोई तुक्का नहीं थी। भारतीय महिला जूनियर टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उस दिन जीत हासिल की है, जिस दिन पुरुष और महिला सीनियर टीम को इसी टीम के खिलाफ 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया की जोसी लॉटन ने पांचवें मिनट में गोल कर बढ़त बनाई। यह गोल पेनल्टी कॉर्नर के जरिए हुआ। भारतीय टीम ने सिर्फ तीन मिनट बाद इसका जवाब दिया। नंदिनी ने आठवें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर के जरिए ही गोल कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। पहले क्वार्टर के अंत में भारत की उप कप्तान हिना बानो ने 14वें मिनट में एक और पेनल्टी कॉर्नर का फायदा उठाकर गोल किया और टीम को 2-1 से आगे कर दिया। शेष तीन क्वार्टर में दोनों टीमों ने कई मौके बनाए, लेकिन कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी। भारतीय टीम ने अपनी रक्षात्मक क्षमता को मजबूत बनाए रखी और निर्धारित समय सीमा में ऑस्ट्रेलिया को गोल का मौका न देते हुए एक शानदार जीत हासिल की। यह दौरे पर भारत की लगातार चौथी जीत है। इससे पहले भारत ने लगातार तीन मैच बेल्जियम के खिलाफ जीते थे। भारतीय टीम 17 जून को इस दौरे का अपना आखिरी मैच नीदरलैंड के खिलाफ खेलेगी। इस मैच में जीत के साथ भारतीय टीम अपने दौरे का समापन यादगार तरीके से करना चाहेगी।

### दिल्ली जीएम ओपन

# अभिजीत गुप्ता ने चौथा खिताब जीतकर रचा इतिहास

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय ग्रैंडमास्टर अभिजीत गुप्ता 21वें दिल्ली इंटरनेशनल ओपन ग्रैंडमास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट (दिल्ली जीएम ओपन) 2025 के निर्विवाद चैंपियन बनकर उभरे। उन्होंने 10 में से 8.5 अंक हासिल कर एशिया के सबसे प्रतिष्ठित ओपन शतरंज इवेंट में रिकॉर्ड चौथा खिताब जीता। 36 वर्षीय गुप्ता ने 10 राउंड में अजेय रहते हुए शानदार प्रदर्शन किया। बेलारूसी जीएम मिहेल निकितेंको पर राउंड 9 में उनकी निर्णायक जीत ने उन्हें बढ़त दिलाई और आईएम अरोण्यक घोष के खिलाफ अंतिम राउंड में ड्रॉ ने उन्हें सीधे खिताब पर पहुंचा दिया।

निकितेंको (2520, बेलारूस) 8 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे, उन्होंने भारतीय जीएम दिप्तयान घोष (2573) को टाईब्रेक में पछाड़ दिया। घोष ने तीसरे स्थान पर कब्जा किया, उन्होंने अपने शानदार खेल और जीएम कार्तिक वेंकटरमन पर अंतिम राउंड में महत्वपूर्ण जीत से प्रभावित किया। 8 अंक पर समाप्त होने के बावजूद, आईएम अरोण्यक घोष और जीएम आदित्य एस सामंत टाईब्रेक पर क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर रहे। शीर्ष 10 में अनुभवी पेशेवरों और उभरते सितारों का सम्मोहक मिश्रण था। वियतनाम के जीएम गुयेन डुक होआ ने 7.5 अंकों के साथ छठा स्थान हासिल किया, उसके बाद भारत के शीर्ष वरीयता प्राप्त जीएम एसएल नारायणन 7वें स्थान पर रहे। अर्मेनियाई जीएम मैमिकोन घारिब्यान और मैनुअल पेट्रोसियन क्रमशः 8वें और 9वें स्थान पर रहे, दोनों ने 7.5 अंक



हासिल किए। शीर्ष 10 में किर्गिस्तान के आईएम टोलोगोन टेगिन सेमेटेई भी शामिल रहे, जिन्होंने भी 7.5 अंक हासिल किए - जो टूर्नामेंट के विविधतापूर्ण और प्रतिस्पर्धी क्षेत्र को दर्शाता है। दिल्ली शतरंज संघ द्वारा आयोजित, इस वर्ष के संस्करण में 20 से अधिक देशों के 2,500 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें 24 ग्रैंडमास्टर शामिल थे, और इसमें 1.21 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड पुरस्कार पूल था। नई दिल्ली में आयोजित इस टूर्नामेंट ने एक बार फिर शीर्ष और उभरते शतरंज खिलाड़ियों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में अपनी प्रतिष्ठा को मजबूत किया। इस बीच, छतरपुर के टिवोली गार्डन में आयोजित श्रेणी सी में 1,250 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और कुल पुरस्कार राशि 35 लाख रुपये थी। इस खंड के विजेता तमिलनाडु के दिनेश कुमार एच थे, जिन्होंने 4,00,000 रुपये का शीर्ष पुरस्कार जीता। उनके बाद नैतिक सेठी (3,00,000 रुपये) और सिबी एम (2,00,000 रुपये) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। अन्य उल्लेखनीय पुरस्कार विजेताओं में गीतेश फोगट, साई कृष्णा एस. और एजीएम योगेश कुमार गुप्ता शामिल थे, जो भारतीय शतरंज सर्किट की उल्लेखनीय जमीनी ताकत को दर्शाते हैं।

इस ऐतिहासिक संस्करण के समापन के साथ, अभिजीत गुप्ता का चौथा खिताब न केवल एक व्यक्तिगत मील का पत्थर है, बल्कि वैश्विक शतरंज पारिस्थितिकी तंत्र में भारत के बढ़ते प्रभुत्व का प्रमाण भी है - शीर्ष और जमीनी स्तर दोनों पर।

### भारतीय एथलेटिक्स महासंघ का फैसला

# चार गुणा 100 मीटर रिले स्पर्धा एशिया खेलों के लिए अहम खेलों में शामिल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने 2018 और 2022 एशियाई खेलों में चार गुणा 100 मीटर के रिले स्पर्धा के लिए टीमों नहीं भेजी थी। एएफआई के शीर्ष अधिकारियों को 19 सितंबर से चार अक्तूबर 2026 तक ऐची-नागोया



में आयोजित होने वाले एशियाई खेलों में इन दोनों स्पर्धाओं में पदक की उम्मीद है। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए जापान में 2026 एशियाई खेलों के लिए पुरुषों और महिलाओं की चार गुणा 100 मीटर रिले को प्राथमिकता वाली स्पर्धाओं में शामिल किया है। एएफआई के शीर्ष अधिकारियों को 19 सितंबर से चार अक्तूबर 2026 तक ऐची-नागोया में आयोजित होने वाले एशियाई खेलों में इन दोनों स्पर्धाओं में पदक की उम्मीद है। भारत ने 2018 और 2022 एशियाई खेलों में चार गुणा 100 मीटर के रिले स्पर्धा के लिए टीमों नहीं भेजी थी। एएफआई के पूर्व अध्यक्ष आदिल सुमरिवाला ने कहा, एएफआई ने 2026 एशियाई खेलों के लिए पुरुष और महिला चार गुणा 100 मीटर रिले टीमों को प्राथमिकता वाली स्पर्धा में शामिल किया है। रिले टीमों द्वारा लगातार शानदार प्रदर्शन भविष्य के लिए शुभ संकेत है। इस वर्ष अप्रैल में गुरिंदरवीर सिंह, अनिमेष कुजूर, मणिकांत होबलीधर और अमलान बोरगोहेन की चार गुणा 100 मीटर रिले टीम ने 38.69 सेकेंड का समय लेकर 2010 दिल्ली राष्ट्रमंडल खेलों में बनाए गए 38.89 सेकेंड के एक दशक पुराने राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ दिया था। पिछले एशियाई खेलों में चीन (38.29 सेकेंड), जापान (38.44 सेकेंड), दक्षिण कोरिया (38.74 सेकेंड) ने शीर्ष तीन में जगह बनाई थी। महिलाओं की चार गुणा 100 मीटर रिले में अभिनय राजराजन, श्राबनी नंदा, स्नेहा एसएस और नित्या गंधे की टीम ने हाल ही में दक्षिण कोरिया के गुमी में आयोजित एशियाई चैंपियनशिप में 43.86 सेकेंड का समय लेकर रजत पदक जीता।

## स्टीव स्मिथ ने उंगली की चोट पर दिया अपडेट, वापसी की योजना का किया खुलासा



**लंदन, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने अपनी चोट और क्रिकेट में वापसी पर अपडेट दिया है। आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के दौरान उन्हें उंगली में चोट लग गई थी।

स्मिथ को उम्मीद है कि वे वेस्टइंडीज के खिलाफ कैरेबियाई दौरे पर होने वाली तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में खेलेंगे। स्टीव स्मिथ के कैच लेने के प्रयास में अपनी उंगली में चोट लग गई और बाद में तीसरे दिन के खेल के दौरान अपनी दाहिनी छोटी उंगली में कम्पाउंड डिस्लोकेशन के बाद उन्हें पास के अस्पताल में एक्स-रे के लिए भेजा गया। स्मिथ के लिए प्रारंभिक रिकवरी काफी अच्छी रही है और 36 वर्षीय खिलाड़ी सर्जरी से बच गए। उनके वेस्टइंडीज के खिलाफ 25 जून से शुरू होने वाली आगामी तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में खेलने का मौका है। स्मिथ ने कहा, मैं अब आठ सप्ताह तक स्प्लिंट में रहूंगा और शायद कुछ सप्ताह में मैं इसके साथ खेल सकूं।

यह मेरी कार्यक्षमता और मैं क्या कर सकता हूं, इस पर निर्भर करेगा, इसलिए यह शायद सबसे अच्छा परिणाम था जिसकी मैं उम्मीद कर सकता था।

जब दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा ने बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क की गेंद पर गेंद को घेरे में ले लिया, तब स्मिथ हेलमेट पहने हुए पहली स्लिप में खड़े थे और ऑस्ट्रेलिया के इस अनुभवी खिलाड़ी ने उस समय बावुमा के केवल दो रन पर होने के बावजूद मौका गंवा दिया। चूके हुए मौके की कीमत ऑस्ट्रेलियाई टीम को चुकानी पड़ी क्योंकि कप्तान ने 66 रन बनाए और सलामी बल्लेबाज एडेन मार्करम के साथ मैच जीतने वाली साझेदारी में अहम भूमिका निभाई।

### आईसीसी ने कर दी घोषणा

# 17 जून से क्रिकेट में होंगे बड़े बदलाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने पुरुषों के अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के लिए खेल की परिस्थितियों में बड़े बदलावों की घोषणा की है। टेस्ट मैचों के लिए 17 जून, वन-डे इंटरनेशनल के लिए 2 जुलाई और टी20 इंटरनेशनल के लिए 10 जुलाई को नियम परिवर्तन लागू किए जाएंगे। इन बदलावों की सिफारिश आईसीसी पुरुष क्रिकेट समिति ने की थी और रिपोर्ट के अनुसार मुख्य कार्यकारी समिति ने इन्हें मंजूरी दी थी। मुख्य अपडेट में ओडीआई में गेंदों के इस्तेमाल के बारे में एक नया नियम और कन्कशन सब्सटीट्यूट के लिए एक अपडेटेड प्रोटोकॉल शामिल है।



**वनडे मैचों में 34 ओवर के बाद सिर्फ एक गेंद का इस्तेमाल**

अब तक वनडे में दोनों छोर से दो नई गेंदों का इस्तेमाल किया जाता रहा है। लेकिन नए नियम के तहत 34वें ओवर के बाद बदलाव होगा। पारी की शुरुआत से लेकर 34वें ओवर के अंत तक दो गेंदों का इस्तेमाल किया जाएगा, दोनों छोर से एक-एक। हालांकि 35वें ओवर से लेकर पारी के अंत तक, गेंदबाजी टीम द्वारा दो में से केवल एक गेंद का चयन किया जाएगा और दोनों छोर से उसका इस्तेमाल किया जाएगा।

अगर मैच शुरू होने से पहले 25 ओवर या उससे कम का हो जाता है, तो शुरू से केवल एक नई गेंद का इस्तेमाल किया जाएगा। बल्लेबाजी और गेंदबाजी के बीच बेहतर संतुलन लाने के लिए आईसीसी ने यह बदलाव किया है।

**सभी प्रारूपों में कन्कशन रिप्लेसमेंट के लिए नए नियम**

आईसीसी ने कन्कशन सब्सटीट्यूट नियम को भी संशोधित किया है ताकि इसे और अधिक संरचित बनाया जा सके और मैचों के दौरान किसी भी तरह की उलझन से बचा जा सके। अब से टीमों को खेल शुरू होने से पहले मैच रेफरी को पांच संभावित सब्सटीट्यूट खिलाड़ियों की सूची सौंपनी होगी।

# भारत-न्यूजीलैंड वनडे और टी-20 सीरीज के शेड्यूल का ऐलान

### 15 साल बाद इस शहर को मिली मेजबानी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने शनिवार (14 मई) को न्यूजीलैंड के खिलाफ जनवरी 2026 में होने वाली वनडे और टी20 सीरीज के लिए शेड्यूल का ऐलान कर दिया। वडोदरा 15 वर्षों से अधिक समय के बाद पहले पुरुष अंतरराष्ट्रीय मैच की मेजबानी करेगा। न्यूजीलैंड के भारत दौरे की शुरुआत 11 जनवरी को होने वाला पहला वनडे नवनिर्मित कोटम्बी स्टेडियम में होगा, जिसने पहले ही दिसंबर 2024 में भारत और वेस्टइंडीज के बीच तीन महिला वनडे मैचों की मेजबानी की। साथ ही वुमेंस प्रीमियर लीग 2025 के दौरान छह मैचों की मेजबानी की है। वडोदरा ने दिसंबर 2010 में रिलायंस स्टेडियम में अपना आखिरी पुरुष अंतरराष्ट्रीय मैच की मेजबानी की थी, भारत-न्यूजीलैंड एकदिवसीय मैच की मेजबानी की थी। वर्तमान भारतीय मुख्य कोच गौतम गंभीर उस मैच में प्लेयर ऑफ द मैच रहे थे। उन्होंने शतक बनाया था और विराट कोहली ने नाबाद 63 रन बनाए थे।

**चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल पहली बार आमना-सामना**

न्यूजीलैंड को 2025-26 भारत दौरे पर तीन वनडे और पांच टी20 मैचों की सीरीज खेलनी है। मार्च में चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत की जीत के बाद दोनों टीम पहली बार आमने-सामने होंगी। वडोदरा के बाद टीमें गुजरात में रहेंगी। राजकोट में 14 जनवरी को दूसरा वनडे मैच खेला जाएगा। इसके बाद 18 जनवरी को इंदौर में



वनडे सीरीज समाप्त होगी।

**यहां खेली जाएगी टी-20 सीरीज**

मध्य-भारत में स्थित नागपुर (21 जनवरी) और रायपुर (23 जनवरी) पहले दो टी20 मैचों की मेजबानी करेंगे। इसके बाद टीमें दौरे के समापन के लिए दक्षिण की ओर जाने से पहले पूर्व की ओर बढ़ेंगी। गुवाहाटी (25 जनवरी), विशाखापत्तनम (28 जनवरी) और तिरुवनंतपुरम (31 जनवरी) तीसरे, चौथे और पांचवें टी20 मैचों की मेजबानी करेंगे।